अल्पना
एडवरटाईजिंग
एजेंसी
1/44 व्यास कालोनी नागौर
सभी समाचार पत्रों के
विज्ञापन बुक किए
जाते है।
मो: 8233244421,
9414244421

# सांध्य ज्योति दर्पण

www.dainiksandhyajyotidarpan.com
वर्ष 35 | अंक-317 | नागौर, मंगलवार 1 अक्टूबर 2024 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ : 8 मूल्य : एक रु.
प्रात:कालीन संस्करण

अल्पना
एडवरटाईजिंग
एजेंसी
1/44 व्यास कालोनी नागौर
सभी समाचार पत्रों के
विज्ञापन बुक किए
जाते है।
मो: 8233244421,
9414244421

ससुराल जा रही महिला से गैंगरेप पिटाई से... पेज 8

पुजारी को मंदिर से 150 मीटर दूर ले गया लेपर्ड.. पेज 6

पुष्कर, अजमेर, नोखा, बीकानेर, बावड़ी, जोधपुर, मकराना, परबतसर, नावां, कुचामन, लाडनूं, डेगाना, मेड़तासिटी, कुचेरा, मूंडवा, डीडवाना, जायल, खींवसर में प्रसारित।

## मूर्तियां खण्डित करने से पनपा आक्रोश

### *सैन समाज के महिला-पुरूषों ने प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग*

(नगर संवाददाता)

नागौर, 1 अक्टूबर। शहर में सैन समाज के नागरिकों ने कलेक्ट्रेट पर जमकर हल्ला बोल किया। असामाजिक तत्वों ने सैन मंदिर में विराजित सैन भगवान और श्रीरामदास महाराज की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया और भामाशाहों के शिलापट्ट भी तोड़ दिए थे। इसके बाद से ही सैन समाज में भारी आक्रोश है।



सैन समाज ने इकट्ठा होकर कलेक्ट्रेट पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और ऐसा कृत्य करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं। विरोध प्रदर्शन से पहले सैन समाज ने नया दरवाजा से जिला कलेक्ट्रेट तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। रैली में उमड़ी भीड़ के बारे में पुलिस को भी अंदाजा नहीं था। हजारों सैनबंधुओं के सामने पुलिस का नाकाफी जाब्ता नजर आया। सैन समाज के लोग पहले तो कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठ गए और फिर सभी लोग कलेक्ट्रेट परिसर में घुसने की जिद्द करने लगे। कोतवाल मनीष देव मजबूती से गेट पर डटे रहे लेकिन सैन समाज का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा था। इसके बाद सैन समाज के वक्ताओं ने कहा कि प्रशासन को कोई मांग पत्र नहीं दिया जाएगा। सैन समाज के लोगों ने आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग करते हुए गेट के बाहर धरना शुरू कर दिया। इसके बाद डीएसपी रामप्रताप विश्नोई मौके पर पहुंचे।

कलेक्ट्रेट का गेट खोल दिया तो सैन समाज के लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में जम गए। इस बीच कई बार पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तनातनी के हालात बनते रहे। समाज के अध्यक्ष सुंदरलाल सैन, जिला परिषद सदस्य ओमप्रकाश सैन, धनराज सैन, मोहन सैन ने आक्रोशित लोगों से समझाइश की। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने एडीएम को मौके बुलाकर ज्ञापन देने की मांग की। इसके बाद एडीएम चंपालाल जीनगर आक्रोशित लोगों के बीच पहुंचे और ज्ञापन लिया। एडीएम चंपालाल जीनगर ने कहा कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अपराधी जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होंगे। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए धरना-प्रदर्शन समाप्त किया। नागौर के नया दरवाजा हनुमान मंदिर के पीछे स्थित सैन भवन व मंदिर में मूर्तियों व अन्य तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। मूर्तियों व अन्य स्थानों पर तोड़फोड़ की सूचना मिलने के बाद सैन समाज आक्रोशित है।

## हत्या के प्रयास के मामले में 7 माह से फरार दो आरोपी गिरफ्तार

(नगर संवाददाता)

नागौर, 1 अक्टूबर। हत्या के प्रयास के प्रकरण में जिले की खाटू बड़ी थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को तरनाऊ गांव से पकड़ा है। दोनों ही गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। इस मामले में पुलिस पहले भी एक आरोपी को पकड़ चुकी है। आरोपियों ने शराब की दुकान पर हमला किया था और दुकान मालिक के ऊपर से कैंपर गाड़ी निकाली दी थी। जिससे उसके दोनों पैर टूट गए थे।



खाटूबड़ी थानाधिकारी बुद्धाराम ने बताया कि 26 फरवरी को जायल तहसील के ढ़ेहरी निवासी पीड़ित श्रवणराम के भाई महिपाल पुत्र भंवरूराम जाट ने पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया था कि मेरे भाई महेंद्र के नाम से सांडिला गांव में सरकारी शराब की दुकान आवंटित है। वारदात से तीन-चार दिन पहले उस दुकान पर एक कैंपर गाड़ी में सवार होकर ऊंचाईड़ा गांव निवासी रामकुंवार पुत्र पेमाराम जाट आया और दुकान पर मौजूद सेल्समैन को गालियां निकालते हुए जान से मारने की धमकी दी और जाते वक्त गाड़ी से दुकान के की हुई तारबंदी की पट्टियां तोड़ दी। इसके बाद शाम 7 बजे मेरा भाई महेंद्र, श्रवणराम, अर्जुनराम दुकान से खाटू बड़ी जा रहे थे। इस दौरान ऊंचाइड के सरकारी अस्पताल के सामने चार कैम्पर गाड़ियों में सवार होकर आए 8-10 आरोपियों ने मेरे भाइयों को जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। मेरे भाई की गाड़ी बुरी तरह से तोड़ दी। इस हमले में भाई श्रवणराम गंभीर रूप से घायल हो गया। नेमीचंद ने श्रवणराम के ऊपर से कैम्पर गाड़ी निकाल दी, जिससे श्रवणराम के दोनों पैर टूट गए। पीड़ित के भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। खाटूबड़ी थानाधिकारी बुद्धाराम ने बताया कि हत्या के प्रयास के इस मामले में खाटू बड़ी थाना पुलिस ने जायल थाना क्षेत्र के तरनाऊ गांव निवासी आरोपी नेमीचंद (26) पुत्र चैनाराम जाट और इसी गांव के नरेंद्र (22) पुत्र राकेश मेघवाल को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपियों को उनके गांव तरनाऊ से पकड़ा है। इस मामले में बीती देर शाम तक चली कार्रवाई के बाद अब पुलिस दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ में जुटी हुई है।

## गर्भवती महिलाओं को मिल रहा है माह वाउचर स्कीम का फायदा

(नगर संवाददाता)

नागौर, 1 अक्टूबर। गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए राज्य सरकार की ओर से मां वाउचर योजना संचालित की जा रही है। नागौर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश कुमावत योजना के सफल क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश वर्मा ने बताया कि मां बाउचर योजना के बारे में सब सेंटर के स्तर तक एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं को बताया जा रहा है। जिले की गर्भवती महिलाएं इस योजना के तहत निशुल्क सोनोग्राफी का लाभ उठा रही है। डॉ. वर्मा ने बताया कि जिले में अब तक 341 गर्भवती महिलाओं को मां बाउचर जारी किए जा चुके हैं, जिन्हें 30 दिन की अवधि में संबंधित सोनोग्राफी सेंटर पर जाकर योजना के तहत निशुल्क सोनोग्राफी करवानी है। अब तक 41 गर्भवती महिलाएं निशुल्क सोनोग्राफी करवाते हुए मां बाउचर योजना का लाभ ले चुकी है।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.महेश वर्मा ने बाउचर प्राप्त कर चुकी गर्भवती महिलाओं से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में निशुल्क सोनोग्राफी करवाकर योजना का लाभ उठाएं।

इस योजना के तहत गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही में गर्भकाल के दौरान सोनोग्राफी नि:शुल्क कराए जाने का प्रावधान है। इस योजना से जिले के सभी निजी सोनोग्राफी सेंटरों को जोड़ा जा रहा है, ताकि गर्भवती महिलाओं को उन्हीं के एरिया में सोनोग्राफी की सुविधा मिल सके। इसके लिए विभागीय सॉफ्टवेयर पीसीटीएसए पीसीपीएनडीटी इंपैक्ट और ओजस को इंटीग्रेटेड कर ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है। पीसीटीएस पर पंजीकृत गर्भवती महिलाओं एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही में प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान दिवस पर आवश्यक जांच के साथ-साथ सोनोग्राफी जांच करवाने के लिए क्यूआर कोड युक्त कूपन उनके रजिस्ट्रर्ड मोबाइल नंबर पर जारी किया जाता है। इस कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग से अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी केंद्र पर अपनी सोनोग्राफी जांच नि:शुल्क करवा सकेगी। इसके अलावा पूर्व की भांति सरकारी सोनोग्राफी सेंटर पर निशुल्क सोनोग्राफी जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि जिले में हर माह की 9, 18 एवं 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है।

## राहुल गांधी के बयान पर भाजपा एससी मोर्चा ने जताई नाराजगी



(नगर संवाददाता)

नागौर, 1 अक्टूबर। डेगाना शहर के वार्ड 7 के कटरिया हाउस पर भाजपा एससी मोर्चा की बैठक एस.सी मोर्चा जिलाध्यक्ष बजरंग बावरी बिटन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सर्व प्रथम पार्टी की आगामी गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी की रीति और नीति को आमजन तक पहुंचाने और ज्यादा से ज्यादा पार्टी सदस्य बनाने की बात पर जोर दिया गया। बैठक में नागौर देहांत भाजपा जिला मंत्री नरेंद्र जयपाल ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका यात्रा के दौरान अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण के संबंध में जो आरक्षण पर बयान दिया, उसका विरोध किया। जयपाल ने बताया कि यह कांग्रेस का दलित विरोधी चेहरा है। कांग्रेस ने आज तक दलितों को उचित सम्मान नहीं दिया है। अनुसूचित जाति, जनजाति को झूठ बोलकर, भय दिखाकर अपनी पार्टी जनाधार बढ़ाया है। एस.सी मोर्चा जिलाध्यक्ष बजरंग बावरी बिटन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आज तक ढंग से बाबा साहब और उनके द्वारा बनाए गए संविधान को नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा की कांग्रेस दलितों की विरोधी पार्टी है। आने वाले समय में जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी। भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार कटारिया ने कहा कि राहुल गांधी सिर्फ संविधान की कॉपी दिखाते हैं उनको संविधान पर भरोसा नहीं है। उनका आरक्षण पर दिया गया भाषण आरक्षण का विरोधी है, जिसके लिए उन्हें देश की जनता से माफी मांगना चाहिए। भाजपा युवा नेता कैलाश राठी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित विरोधी है। राहुल गांधी ने दलितों के हितों के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की है। इस मौके पर जिला महामंत्री एससी मोर्चा इंद्रचंद मेघवाल,जिला मंत्री नागौर देहांत नरेंद्र जयपाल, भाजपा जिलाध्यक्ष एस सी मोर्चा बजरंग बावरी, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार कटरिया, भाजपा युवा नेता कैलाश राठी, सनित बेगड़, नेमाराम कटरिया, रामनिवास इंदा, चेनाराम समेत मौजूद थे।

### भाजपा ने सदस्यता अभियान प्रभारी बनाकर दी जिम्मेदारी

(नगर संवाददाता)

नागौर, 1 अक्टूबर। भाजपा ने 3 सितंबर से शुरू हुए सदस्यता अभियान के तहत विभिन्न जिला प्रभारियों की नियुक्तियां की हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची के निर्देशानुसार नागौर शहर के भाजपा युवा मोर्चा के जिला प्रभारी के रूप में बाबूलाल गुर्जर को जिम्मेदारी दी गई है। बाबूलाल गुर्जर, जो अजमेर के माकड़वाली से किसान परिवार से आते हैं, भाजपा में लंबे समय से सक्रिय हैं और पूर्व में जिला मंत्री के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। साथ ही, वे एबीवीपी में भी 6 वर्षों तक विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके हैं, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, महानगर सहमंत्री, ईकाई अध्यक्ष, और नगर मंत्री जैसे पद शामिल हैं। बाबूलाल गुर्जर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि वे खेत-खलिहान से लेकर घर-घर तक कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर आम जनता को भाजपा से जोड़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदेश संगठन द्वारा सौंपी गई। जिम्मेदारी को पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाते हुए पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाएंगे और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे।

## कालबेलिया समाज ने अनूठे अंदाज में प्रशासन से की भूखण्ड दिलाने की मांग

नागौर, 1 अक्टूबर। कालबेलिया समाज ने प्रशासन को अपनी मांगे मनवाने के लिए अनूठे तरीके से ज्ञापन दिया। घूमंतू व अर्द्ध व घूमंतू समाज के लोग इन दिनों स्थाई आसरा पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कालबेलिया समाज के लोगों ने अनूठे तरीके से एडीएम को ज्ञापन दिया। इन समाज के जाति प्रमाण पत्रों में विसंगतियों के चलते सरकार की योजना के बावजूद 300 वर्गगज पट्टे नहीं मिल पा रहे हैं। यूं तो कलक्टर या एडीएम को ज्ञापन देने आने वाले लोग कभी गुस्से तो कभी भावुक होकर आते हैं, लेकिन आज कालबेलिया समाज के लोग कलेक्ट्रेट में पहुंचे तो अलग ही नजारा देखने को मिला। कालबेलिया बीन और ढपली बजाते हुए और महिलाएं बीन की धुन पर नाचते हुए एडीएम के चैंबर तक पहुंचीं। घूमंतू, अर्द, घूमंतू और गाड़िया लोहार समाज के लोगों ने स्थाई आवास बनाने के लिए जमीन की मांग की है। नागौर कलेक्ट्रेट पहुंचे लोगों ने एडीएम को दिए ज्ञापन में बताया है कि घूमंतू, अर्द, घूमंतू और गाड़िया लोहार समाज के कुल 5 हजार परिवार निवास करते हैं। ये परिवार पिछले लगभग 40 से 50 वर्षों से यहां झुग्गी झोपड़ी और कच्चा मकान बनाकर रह रहे हैं। इनके पास राशन कार्ड, पहचान पत्र, जॉब कार्ड, आधार कार्ड, भामाशाह कार्ड आदि दस्तावेज बने हुए हैं। लेकिन स्थाई आवास नहीं होने से बिजली और पानी के कनेक्शन के लिए मोहताज हैं। इसलिए बच्चे पढ़ नहीं सकते और पीने का पानी भी दुर्लभ है। लेकिन राज्य सरकार से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। घूमंतू, अर्द, घूमंतू और गाडिया लोहार समाज के जिलाध्यक्ष भंवरनाथ चौहान ने बताया कि भूमिहीन परिवारों ने भूखंड का पट्टा दिलवाने की मांग की है। घूमंतू परिवारों के बच्चे स्कूलों में पढ़ने के लिए जाते हैं।

## देवना ने किया युवा महासभा कार्यकारिणी का विस्तार

(नगर संवाददाता)

नागौर, 1 अक्टूबर। डीडवाना कुचामन जिले में राष्ट्रीय जाट महासभा भारत ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। जाट महासभा ने सोहनलाल देवना को युवा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। ये नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा के निर्देश पर युवा प्रदेश अध्यक्ष नोपाराम दातेल ने की है।

देवना के युवा जिला अध्यक्ष बनने पर पूरे जिले में खुशी की लहर है और सभी ने देवना को युवा जिला अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं दी है। युवा जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद में देवना ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी और प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के द्वारा जो मुझे पद दिया गया है, इसकी गरिमा का ख्याल रखते हुए समाज में कार्य करूंगा और समाज में फैली हुई कुरीतियां को मिटाने का पूरा प्रयास करूंगा।

## शारदा बाल स्कूल में स्वदेशी सप्ताह का बताया महत्व



(नगर संवाददाता)

नागौर, 1 अक्टूबर। शहर के विद्यालय शारदा बाल निकेतन उच्च माध्यमिक में स्वदेशी सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि मुख्य मनोहर लाल, पूर्णकालिक कार्यकर्ता सेवा भारती, नागौर थे जबकि मुख्य वक्ता ओमप्रकाश नगर प्रचारक थे। ओमप्रकाश ने स्वदेशी का महत्व समझाते हुए बताया कि स्वदेशी का अर्थ है अपना स्वयं का देश। अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करने से देश आगे बढ़ेगा। यहां के व्यक्तियों में स्व का भाव जगाना होगा। भारत वसुधैव कुटुम्बकम भाव से कार्य करता है अर्थात संपूर्ण विश्व ही हमारा परिवार है। भारत ने तुर्की में भूकंप के समय आर्मी को भेजकर वहां पर सहायता करी। भारत को अपनी परंपरा और संस्कृति को नहीं छोड़ना चाहिए। हमारा खान-पान रहन-सहन पहनावा सब स्वदेशी होना चाहिए। स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से देश की जीडीपी बढ़ेगीद्ध। जिससे देश का आर्थिक विकास होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य गेनाराम गुरु ने बताया कि 25 अक्टूबर से शुरू हुए इस स्वदेशी सप्ताह का 2 अक्टूबर लाल बहादुर शास्त्री इंदिरा गांधी जयंती के अवसर पर समापन होगा।

## जिला स्तरीय अणुव्रत कान्टेट में 13 स्कूलों ने निभाई भागीदारी

(नगर संवाददाता)

नागौर, 1 अक्टूबर। जिले के लाडनूं में जिला स्तरीय अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट 2024 का कार्यक्रम ऋषभ द्वार प्रांगण, पहली पट्टी में आयोजित हुआ। जिसमें 13 स्कूलों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अणुव्रत गीत से समिति की बहनों द्वारा किया। सेवा केंद्र व्यवस्था प्रमुख साध्वी प्रमिला कुमारी ने मंगल उद्बोधन प्रदान करके मंगल पाठ सुनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्रांति चंद्र बोरड, विशिष्ट अतिथि कैप्टन प्रभु सिंह, संरक्षक आनंद प्रकाश त्रिपाठी रहे। सभी का स्वागत एवं प्रतियोगिता कि विधिवत घोषणा अध्यक्ष शुभकरण बैद संरक्षक शांतिलाल बैद ने की। प्रतियोगिता के निर्णायक लक्ष्मीपत सोनी, अशोक दाधीच, रामेश्वर सुंठवाल, राज कोचर, राजश्री भूतोड़िया, चंदा कोचर, दीक्षित जोशी, नीता नाहर रहे। जिनका सम्मान समिति की बहनों ने किया। संयोजन पार्षद रेणु कोचर ने किया। प्रतियोगिता के क्षेत्रीय संयोजक नवीन नाहटा ने प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी। प्रतियोगिता में एकल गायन,




सामूहिक गायन, भाषण, निबंध, चित्रकला, कविता में बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वालों प्रतिभागियो को सम्मानित किया गया। कनिष्ठ और वरिष्ठ दो वर्ग रहे। कनिष्ठ वर्ग में कविता में प्रथम खुशी टाक, निबंध में बचपन स्कूल, चित्रकला में कृष्णा प्रजापत , समूह गान में आदर्श विद्या मंदिर , एकल गायन में अनुरंजन, वरिष्ठ वर्ग में कविता में प्रथम हर्षिता बोथर, निबंध में अनुष्का मंगलपुरा, चित्रकला में निहारिका जांगिड़ , समूह गायन में आदर्श विद्या मंदिर ,एकल गायन में आदर्श विद्या मंदिर की रितु स्वामी और भाषण में विदिशा जैन जसवंतगढ विजयी रहे। कार्यक्रम में राजू पगारिया, संगीता नाहर, आलोक कोठारी, संपत मोदी, शिव शंकर बोहरा, अंजू बोकडिया, विनोद बोकडिया, अनीता चौरडिया, राजेश नाहटा, विनीत बोथरा, मीनाक्षी दुगड़, प्रेम बैद, हड़मान शर्मा, भंवरलाल वर्मा, विजयसिंह बैद, रूबल जैन, जवरी बाई, कमला चोरडीया आदि समिति के काफी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजस्थान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 60 हजार पदों पर कुक कम हेल्पर के समायोजन की मांग

## महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन की योजना

**बांसवाड़ा।** राजस्थान में सरकारी स्कूलों में वर्षो से कुक कम हेल्पर के पद पर मध्यान दोपहर भोजन योजना में कार्यरत हैं जिन्हे आगामी 60,000 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती में समायोजित करने की मांग राज्य सरकार से की गई है। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ सह सचिव अरुण एस व्यास ने बताया कि राजस्थान में सरकारी स्कूलों में दो दशक से हजारों कुक कम हेल्पर कार्य करते हुए भर्ती की उम्र और अवधि पार कर चुके हैं लेकिन उनका मानदेय न्यूनतम गारंटीशुदा मजदूरी से भी कम है ओर प्रतिमाह 2003 रु दिया जाकर अपने ही नियम का मखौल उड़ाया जा रहा है ।

### न्यूनतम गारंटीशुदा मजदूरी में प्रतिदिन 769रु प्रति दिन

न्यूनतम गारंटीशुदा मजदूरी में प्रतिदिन 769 रु दिए जाने के आदेश केंद्र सरकार ने हाल ही में जारी किए गए हैं जोकि प्रतिमाह 23070 होते है जिनकी जगह कुक कम हेल्पर को मानदेय के नाम पर खानापूर्ति करते हुए मात्र 2003रु प्रति व्यक्ति मजदूरी प्रतिमाह मानदेय के नाम पर स्त्रद्ध जाकर आर्थिक शोषण किया जाता रहा हैं। इधर सुबह स्कूल खुलने से एक घंटे पहले आकर स्कूल की सफाई से लेकर दूध गर्म ,पानी भरना,डाक व्यवस्था, घंटा बजाना, गर्म भोजन की व्यवस्था कराना,पिरोसना, पुन: बर्तनों की सफाई,करने के बाद स्कूल बन्द करके जाना जरूरी होता हैं जोकि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कर्तव्य और दायित्व में आता है वो सभी कार्य कुक कम हेल्पर कर रहे हैं लेकिन मानदेय देते समय भी चार से छ माह बाद मिलता है। उल्लेखनीय है कि एक ओर मुख्य मंत्री ओर मंत्रियो की विदेश यात्रा पर लाखों रुपए खर्च हुए हैं और उनके वेतन भत्तों ,चाय नाश्ते पर हजारों रुपिया प्रतिमाह भुगतान किया जाता हैं किन्तु राजस्थान में सरकारी स्कूलों में कार्यरत कुक कम हेल्पर को पर्याप्त गारंटी अधिनियम के तहत मानदेय भुगतान नहीं कर आर्थिक शोषण कर रही हैं अत: आगामी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती में समायोजित किया जाना उचित होगा।

### महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन दिया जाएगा

कुक कम हेल्पर की समस्याओं जिनमे आगामी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती में समायोजित करने को लेकर बांसवाड़ा प्रवास पर ज्ञापन संगठन की और से दिया जाएगा।

# शिल्पग्राम में अभियान के तहत पौधारोपण

**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा केन्द्र सरकार के अभियान के तहत सोमवार को पौधारोपण किया गया। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा ''एक पे? मां के नाम'' अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत सभी को अपनी मां के नाम से एक पे? लगाकर उसका जीवनभर रखरखाव करने की शपथ लेनी है। इसके तहत सोमवार को शिल्पग्राम में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर केन्द्र के अधिकारी, कर्मचारी, शिल्पकार तथा आर्टिस्टों ने मिलकर एक वृहद पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाया। जिसके तहत शिल्पग्राम के दर्पण गेट के रास्ते पर 30 पे? लगाए गए एवं सभी उपस्थितों को पे? लगाने, उनका संरक्षण करने एवं इसके प्रति जनजागरूकता पैदा करने हेतु प्रेरित किया गया।

# झांसा देकर किया देह शोषण

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में धोखेबाज बॉयफ्रेंड के एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। शादी करने का झांसा देकर आरोपी पिछले चार साल तक देहशोषण करता रहा। शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी के परिजनों ने उसके साथ मारपीट की। ब्रह्मपुरी थाने में पीड़िता ने आरोपी और उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि चंदवाजी निवासी युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कुछ साल पहले उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फांस लिया। साल-2020 में मिलने के बहाने आरोपी ने बुलाकर उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर शादी करने का वादा किया। शादी करने का झांसा देकर आरोपी लगातार देहशोषण करता रहा। पिछले चार सालों से आरोपी शादी करने का झांसा देकर देहशोषण करता रहा। शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी के परिजनों ने उसके साथ मारपीट की। धोखे का पता चलने पर पीड़िता ने चंदवाजी थाने में शिकायत दी। चंदवाजी थाना पुलिस ने जीरो नंबर एफआईआर काट कर ब्रह्मपुरी थाने भेज दी। ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दीपावली से पूर्व होगा सड़कों का जीर्णोद्धार : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दीपावली से पूर्व अजमेर शहर की अधिकांश सड़कों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं अजमेर विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया गया है। विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने रविवार हो हाथी खेड़ा राज कॉलोनी में 59 लाख लागत की सीसी सड़क, जगदम्बा कॉलोनी में 15 लाख की सड़क एवं प्रज्ञा नगर में 18 लाख की सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में देवनानी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के समय जारी संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत से अधिक कार्य आरम्भ हो गए है। तेलंगाना हाऊस का आवंटन निरस्त किया गया है। साइन्स पार्क को पुन: स्वीकृत करवाकर अपग्रेड करते हुए शिलान्यास किया गया है। अजमेर की पहचान शिक्षा नगरी के रूप में बनी रहनी चाहिए। इसके लिए भारतीय तकनीकी संस्थान की तर्ज पर आरआईटी के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज का चुनाव किया गया है। इसी प्रकार आयुर्वेद विश्वविद्यालय भी खुलेगा।

# राज्यपाल ने राजस्थान के विकास मे सहभागिता के लिए किया आह्वान



## बागडे को प्रवासी राजस्थानी संघ द्वारा छत्रपति संभाजी नगर में सम्मानित किया गया

**जयपुर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे को स्थानीय प्रवासी राजस्थानी संघ द्वारा छत्रपति संभाजी नगर में सोमवार को सम्मानित किया गया। प्रवासी राजस्थानी संघ द्वारा राज्यपाल श्री बागडे का अभिनंदन करने के साथ ही राजस्थान का राज्यपाल बनने पर प्रसन्नता जताई गई। राज्यपाल श्री बागडे ने अपने अभिनंदन और सम्मान का आभार जताते हुए प्रवासी राजस्थानियों से आग्रह किया कि वे राजस्थान के विकास के लिए भी निरंतर अपनी भूमिका प्रदान करते रहें। उन्होंने राजस्थान में निवेश के लिए भी प्रवासी राजस्थानियों का आह्वान किया।

# वन्य जीव प्रेमी धर्मेंद्र का सम्मान



**उदयपुर।** वन्यजीव प्रेमी धर्मेंद्र पानीगर का उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिए सेक्टर 9, उदयपुर में क्षेत्रवासियों ने माला पहनाकर, उपरणा व शोल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर कर स्वागत व अभिनंदन किया गया।

नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश चौधरी ने की । मुख्य अतिथि दया लाल चौधरी, लीलाधर लक्षकार, पुष्पेन्द्र सिंह शक्तावत थे। संचालन नम्रता चौधरी ने किया। कालोनी के डी पी लक्षकार ने बताया कि सेक्टर 9 में दो लाल मुंह के बंदरों ने गत चार वर्ष से काफी आतंक मचा रखा था और उनके आतंक से कॉलोनी के नागरिक, बच्चे व महिलाएं अत्यंत परेशान थे। इस परेशानी से मुक्ति के लिए सेक्टर 9 के सजग नागरिकों जगदीश जोशी, एलडी लक्षकार, अशोक जैन, मीना जैन, डीपी लक्षकार, नवीन पंड्या के अनेक प्रयासों के बाद जिला कलेक्टर ,वन विभाग एवं नगर निगम में तालमेल बिठाने में सफल हुए । तब जाकर धर्मेंद्र पानीगर को नगर निगम ने यह कार्य करने के लिए जिम्मेदारी दी। वन्यजीव प्रेमी धर्मेंद्र पानीगर ने बिना किसी यातना के दोनों बंदरों को न केवल सुरक्षित रूप से पकड़ा अपितु उन्हें बायोलॉजिकल पार्क सज्जनगढ़ में पहुंचाया।

दोनों बंदरों को पकड़ने में धर्मेन्द्र पानिगर को महिपाल सिंह व अंकित जैन ने ह्य सहयोग किया। कार्यक्रम में संजय अग्रवाल ,ऋषि याग्निक ,अंकित जैन, महिपाल सिंह, नरेश पूर्बिया, मुकेश नोटिया, उपेन्द्र चौधरी , नितिन चौधरी , शांतिलाल पहाडिया आदि उपस्थित थे। मेरे द्वारा आजतक सभी रेस्क्यू निन्शुल्क और निस्वार्थ भाव से किए हैं।

साथ ही जानवर और इंसान दोनों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर रेस्क्यू करता हूं। मैनें अभी तक सभी तरह के वन्यजीवों का रेस्क्यू किया है,3000 से अधिक सांपो तथा अन्य कई प्रजातियों के वन्यजीवों का रेस्क्यू किया है तथा कितने ही घायल जीवों का इलाज भी मैनें स्वयं के खर्चे पर करके उन्हें बचाया हैं। कोरोना काल में लॉकडाउन में भी मैनें अपनी निन्शुल्क सेवाएं दी हैं।

*विश्व जागृति मिशन–जयपुर मंडल*

# श्रद्धा पर्व में किया बुजुर्गों का सम्मान

## बच्चों की झांकी में जीवंत हुई श्रवण कुमार की अमर गाथा



**जयपुर।** समाज में बुजुर्गों और वृद्धजनों के प्रति श्रद्धा और सम्मान के संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से विश्व जागृति मिशन जयपुर मंडल की ओर आदर्श नगर में बीस दुकान स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धा पर्व का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व जागृति मिशन के संस्थापक श्री सुधांशु जी महाराज ने 1997 से श्रद्धा पर्व मनाने की शुरुआत की थी, तब से अब तक प्रतिवर्ष यह पर्व विश्व जागृति मिशन के सभी मंडलों एवं शाखाओं में मनाया जा रहा है।

### बुजुर्गों की उतारी आरती, पैर छूकर लिया आशीर्वाद

सोमेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्रद्धा पर्व के कार्यक्रम में जयपुर मंडल के प्रधान श्री मदनलाल अग्रवाल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण दास गंगवानी, सचिव द्वारका प्रसाद मुटरेजा, महामंत्री दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री गोपाल बजाज, आचार्य मोहन लाल शास्त्री और आचार्य विष्णु कुमार शर्मा सहित पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने वृद्धजनों की आरती उतारकर उपहार दिए और पैर छूकर आशीर्वाद लेते हुए उनका सम्मान किया।

### सजाई श्रवण कुमार के संस्कारों की झांकी



इस अवसर बच्चों द्वारा रामायण काल से समाज में माता-पिता के प्रति अगाध श्रद्धा के पौराणिक पात्र श्रवण कुमार के चरित्र पर आधारित सजाई गई विशेष झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। यह झांकी डॉ. मधु शर्मा, इंदु भार्गव, पुष्पा भाटिया और मंजू बजाज के निर्देशन में तैयार की गई। श्रद्धा पर्व आयोजन के तहत सोमेश्वर महादेव मंदिर में आचार्य मोहन लाल शास्त्री और आचार्य विष्णु कुमार शर्मा के सानिध्य में हवन भी किया गया, इसमें आहुतियां देकर श्रद्धालुओं ने बड़े बुजुर्गों के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। इसके बाद भंडारा प्रसादी का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पुष्पा खेमानी ने भजन की प्रस्तुति दी।

# हिंदू सेवा मेले में मातृ पितृ वंदन कार्यक्रम का आयोजन



**जयपुर।** हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन की ओर से चल रहे हिंदू मेले में मातृ पितृ वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश सचिव सोमकांत शर्मा ने बताया कि 2100 माता-पिता का परिवार सहित वंदन किया गया पश्चिमीकरण से अभिभावकों के प्रति पुन: आदर का भाव जगाने को चुनौती मिली है। इसलिए मातृ-पितृ वन्दन के मूल्यों को परिवार और राष्ट्र के व्यापक हित में पुन: जागृत करने की आवश्यकता है।

पश्चिमी भौतिकवादी सोच से भारत की माता-पिता-शिक्षक-अतिथि आदि के सम्मान की परम्परा को महत्वहीन माना जाने लगा है। माता-पिता के लाड़-प्यार तथा त्याग-बलिदान से पोषित किए गए उन्हीं के बच्चे आज उन्हें प्रताड़ित करने लगे हैं। अनेक माता-पिता वृद्धाश्रमों में रहने को बाध्य हैं। जिस समय उन्हें अपने बच्चों से प्रेम की आशा थी, उस समय उन्हें निराशा हुई । संसार में उनके प्रति कोई भी प्रेम से भरा प्याला लेकर सेवा में उपस्थित नहीं रहता। वे इस पीड़ा से चीत्कार कर उठते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवम मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल रहे उन्होंने कहा कि भारतीय परिवार की जीवन शैली को बिगाड़ने का अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र चल रहा है और उसको जो बचा सकता है वह है परिवार के साथ बैठकर प्रतिदिन संवाद करना संयुक्त परिवार का होना भारत में इस समय सबसे अधिक युवा है पूरे विश्व में सबसे ज्यादा युवा भारत देश में ही है पर जिस प्रकार से भारत में परिवारों में पश्चिमी संस्कृति हावी हो रही है 2035 के बाद भारत में युवाओं की संख्या कम होती जाएगी यदि माता-पिता का विश्वास भंग हो जाता है तो वे भी अपने बच्चों की परिवरिश के प्रति उदासीन हो जाते हैं। माता-पिता स्वार्थी हो जावेंगे और अपनी बचत को अपने ही बच्चों के शिक्षा और स्वावलम्बन पर व्यय नहीं करेंगे। वे बेरोजगारी में उनकी सहायता नहीं करेंगे। इस प्रकार बालक और बालिकाएं माता-पिता के होते हुए अनाथ हो जावेंगे। इससे अन्योन्याश्रित संरक्षण की पारिवारिक सुरक्षा भंग हो जावेगी जिसकी स्थापना भारत में पारस्परिक कर्तव्य और धर्म के आधार पर की गई थी।

हवामहल से विधायक स्वामी बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि आज भारत में परिवार टूट रहे हैं परिवार टूटने का मुख्य कारण है भारत में नई पीढ़ी का संस्कारों के प्रति उदासीनता पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित होकर आज परिवार एक साथ नहीं रह रहे हैं परिवारों में विघटन हो रहा है। हम दो हमारे दो के कारण हिंदू परिवारों की संख्या कम होती जा रही है आज भारत में यदि नई पीढ़ी में संस्कारों की स्थापना करनी है तो मातृ पितृ वंदन कार्यक्रम प्रतीक के रूप में बहुत अच्छा उदाहरण है। कार्यक्रम में हेरिटेज महापौर कुसुम यादव हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा फाउंडेशन के चेयरपर्सन किशोर रूंगटा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बापना कोषाध्यक्ष दिनेश पितलिया मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक सुमित खंडेलवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### हिंदू सेवा मेले के अंतर्गत समरस भारत कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में भारत को बाटने की भावना से जो नेरेट सेट किया जा रहा है उसमें जातिगत आधार पर हिंदू धर्म को बांटने का प्रयास किया गया है। एक जो इस कार्यक्रम में सबसे बड़ा उद्देश्य है वह यह है कि हमारे हिंदू धर्म के अंदर ऐसे लोग जो आपस में सद्भाव कायम करने के लिए विशेष काम किया है जैसे भीमराव अंबेडकर महात्मा ज्योति राव फुले उन्होंने महिला शिक्षा के ऊपर जबरदस्त काम किया। भीमराव अंबेडकर ने हमारे देश का संविधान लिखा सद्भाव कायम करने के लिए काम किया उन्होंने दलितों के अधिकारों का हनन नहीं होने दिया। पर्यावरण के घटकों को सूक्ष्म रूप से अपनाने वाले प्रथम वैज्ञानिक भारत भूमि के ऋषि मुनि ही थे जिन्होंने अथर्ववेद में पृथ्वी को माता और पर्जन्य को पिता मानते हुए कहा कि माता भूमिः पुत्रोहम् पृथिव्याः । यही सिद्धान्त आगे जाकर वसुधैव कुटुंबकम् के रूप में प्रकट हुआ। सनातन संस्कृति में जाति, वर्ण, वर्ग, समुदाय, कुल, वंश, रंग इत्यादि के आधार पर भेदभाव जैसी किसी व्यवस्था के प्रचलन का प्रमाण नहीं मिलता। फिर भी प्रचारित किया गया कि कुछ वर्ग-विशेष के साथ भेदभाव एवं अन्याय हुआ और उन्हें शिक्षा सहित अन्य मूलभूत संसाधनों से वंचित रखा गया, जिससे वह विकास की धारा में सम्यक रूप से गतिमान नहीं हो सके। विपरीत इसके सनातन संस्कृति में मूलत: कर्म ही वर्ण व्यवस्था का केंद्र बिंदु था। कार्यक्रम में सहसंयोजक बाबूलाल दंतोनिया कन्हैया बेरवाल कुलभूषण बैराठी उपस्थित रहे।

### द हिंदू स्पिरिचुअल अवेकनिंग कॉन्क्लेव कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में प्रदीप भंडारी (राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा) ने कहा कि हमारे देश का लोकतंत्र हिंदू बहुसंख्यक होने के कारण ही बचा हुआ है हिंदुस्तान में तेजी से हिंदुओं की जनसंख्या घाट रही है पड़ोसी देश बांग्लादेश अफगानिस्तान में लोकतंत्र का खात्मा हो गया है झारखंड में दुर्गा पूजा में पत्थर बाजी हम सबके सामने है।

देश में बेरोजगारी सबसे ज्यादा केरला में है केरला में हिंदुओं की जन्म दर तेजी से घटती गई डेमोक्रेसी का बदलाव डेमोग्राफी पर निर्भर करता है। कोलकाता में हुए डॉक्टर के साथ हुई बर्बरता का उदाहरण हमारे सामने है वहा डेमोग्राफी बदली हुई है इसलिए आज तक उस बेटी को न्याय नहीं मिला। सनातन को डेंगू मलेरिया बोलने वाले उप मुख्यमंत्री बन जाते हैं ये डेमोग्राफी के ही उदाहरण है। प्रोफेसर बलराम पाणी (प्राचार्य भास्कराचार्य कॉलेज )ने भारत और विश्व में हिंदुत्व का भविष्य विषय पर अपने विचार रखे। सत्र संचालन नवनीत सिंह राजपुरोहित ने किया।



# आज का राशिफल

मंगलवार, 1 अक्टूबर, 2024

- **मेष :** अपनी जिम्मेदारियों को आप बखूबी निभाएंगे, साथ ही किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति का सहयोग आपके कार्यों को और अधिक सुगम बनाएगा। युवा लोग अपने किसी खास लक्ष्य को लेकर किए गए प्रयास में सफल रहेंगे।
- **वृष :** बेहतरीन ग्रह स्थिति बनी हुई है। संतान से संबंधित कोई महत्वपूर्ण कार्य बन जाने से घर में सुकून और खुशी भरा माहौल रहेगा। आपकी कार्यप्रणाली और विवेक आपको घर और समाज में मान-सम्मान प्रदान करेगा।
- **मिथुन :** कहीं फंसा हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है। घर में बदलाव अथवा रखरखाव संबंधी गतिविधियों की योजनाएं बनेंगी और आपकी सलाह को उचित महत्व दिया जाएगा। युवा वर्ग अपने करियर को लेकर उत्साहित रहेंगे।
- **कर्क :** मन मुताबिक गतिविधियों में समय व्यतीत करके आपको हार्दिक तथा मानसिक शांति का अनुभव होगा। बच्चों के साथ कुछ समय व्यतीत करने से उनका हौसला और आत्मविश्वास और अधिक बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में दोस्तों अथवा संबंधी की सलाह मददगार साबित होगी।
- **सिंह :** यह समय थोड़ा सचेत रहने का है। अपने किसी भावी लक्ष्य को सुनियोजित ढंग से हासिल करने का प्रयास करें। अपने संपर्कों को भी और अधिक मजबूत कीजिए। कुछ नई जानकारियां हासिल होंगी।
- **कन्या :** आर्थिक स्थिति अनुकूल बनने से आत्मविश्वास और मनोबल में भी वृद्धि होगी। अनुभवी तथा वरिष्ठ लोगों के साथ कुछ समय व्यतीत अवश्य करें, उनके अनुभवों और जानकारियों से आपको कई नई बातें सीखने को मिलेंगी।
- **तुला :** नई योजनाएं बनाने तथा उन्हें क्रियान्वित करने का अनुकूल समय है। सिर्फ चुनौतियों से घबराने की बजाय उनका मुकाबला करें। इससे सफलता के मार्ग भी खुलेंगे। रचनात्मक और धार्मिक क्रियाकलापों के प्रति रुझान रहेगा। किसी मित्र के साथ मुलाकात सकारात्मक साबित होगी।
- **वृश्चिक :** किसी संबंधी के माध्यम से अथवा फोन द्वारा कोई खास सूचना मिलेगी। मानसिक रूप से बहुत अधिक सुकून का अनुभव करेंगे। समझदारी से किया गया धन का विनिमय आपके लिए फायदेमंद रहेगा। बच्चों का ध्यान अपनी पढ़ाई पर फोकस रहेगा।
- **धनु :** दिन का कुछ समय आध्यात्मिक अथवा धार्मिक गतिविधियों में व्यतीत होगा, जिससे आप सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे। संतान के करियर से संबंधित किसी समस्या का भी हल जरूर निकलेगा।
- **मकर :** आप घर की साज-सज्जा व रचनात्मक कार्य में अपने आप को व्यस्त रखेंगे। घर के रखरखाव संबंधी सामान की ऑनलाइन शॉपिंग में भी समय व्यतीत होगा। विद्यार्थियों को करियर संबंधी कोई शुभ सूचना मिल सकती हैं। कुछ रुके हुए व्यक्तिगत कार्य आज पूरे करने पड़ सकते हैं।
- **कुंभ :** आज कोई पारिवारिक मसला हल होने से व्यवस्था ठीक हो जाएगी। सामाजिक व धार्मिक क्रियाकलापों में समय व्यतीत करने से आपको मानसिक सुकून और शांति मिलेगी। प्रॉपर्टी के लेनदेन संबंधी गतिविधियां भी आगे बढ़ेंगी।
- **मीन :** अनुभवी तथा वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन से आप उचित तरीके से अपने कामों को अंजाम दे पाएंगे। निवेश संबंधी कार्य भी संपन्न होंगे। परिवार के साथ मनोरंजक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनेगा।

# अंतर-विभागीय समन्वय समिति और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक



**कोटा, 1 अक्टूबर।** अंतर-विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और आगामी कार्यों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए। कलक्टर ने विभागों को उनकी जिम्मेदारियों को और प्रभावी ढंग से निभाने के निर्देश दिए जिससे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिले।

डेंगू और स्क्रब टायफस की रोकथाम के लिए चल रहे अभियानों की समीक्षा करते हुए कलक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी को निर्देश दिए कि वे पिछले पांच वर्षों के मौसमी बीमारियों के आंकड़ों के आधार पर एक प्रभावी कार्य योजना तैयार करें।

साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी चिकित्सा सुविधाओं में सुदृणीकरण की आवश्यकता है, उन क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किया जाए।

**स्वच्छता और दशहरा मेले की तैयारी पर जोर:** कलक्टर ने कहा कि स्वच्छता, आवारा मवेशियों पर रोकथाम और दशहरा मेले के दौरान सभी जिम्मेदारियों को नगर निगम द्वारा गंभीरता से निभाया जाए। पीएचईडी को जल आपूर्ति के पानी की नियमित सैंपलिंग के निर्देश दिए गए। जहां भी पानी की गुणवत्ता खराब पाई जाती है वहां तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएचईडी पाइपलाइन से संबंधित जहां भी कार्य कराती है वहां समय पर सड़कों की पुनः मरम्मत कराना सुनिश्चित करें।

**कृषि विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में उन्नत कृषि प्रशिक्षण का निर्देश:** कृषि विभाग को निर्देशित करते हुए कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय से समन्वय कर छात्रों को ग्रामीण क्षेत्रों में भेजकर उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण देना प्रारंभ किया जाए।

उन्होंने जल संसाधन विभाग को नौनेरा बांध के डूब क्षेत्र की पुनः समीक्षा करने को कहा। सीएडी और पीडब्ल्यूडी को विभिन्न निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करने और और खराब गुणवत्ता वाले कार्यों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

**शिक्षा और अन्य विभागों को दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश:** कलक्टर डॉ. गोस्वामी ने शिक्षा विभाग को जर्जर स्कूल भवनों को चिन्हित करने एवं उनकी मरम्मत कराए जाने संबंधी आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे संपर्क पोर्टल और जनसुनवाई के मामलों का गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निस्तारण करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला, नगर निगम आयुक्त उत्तर अशोक त्यागी, नगर निगम आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव, सहायक कलक्टर हुकुम कंवर, केडीए सचिव कुशल कोठारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जगदीश सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीआरएम ने सेवानिवृत्ति पर 9 रेल सेवकों को किया सम्मानित

**कोटा, 1 अक्टूबर।** रेलवे विभाग कोटा मंडल से सितम्बर माह में आयुसीमान्तर्गत 9 रेल सेवकों का सभागृह में विदाई समारोह आयोजित किया गया। मंडल रेल प्रबन्धक मनीष तिवारी ने सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। कोटा मंडल से सितम्बर माह में 1 राजपत्रित अधिकारी एवं 8 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जिसमें मंडल में डीआरएम कार्यालय में पदस्थ राजपत्रित अधिकारी सहायक मंडल सामग्री प्रबंधक एवं राजभाषा अधिकारी(प्रभारी) शशि प्रकाश सिंह एवं 8 कर्मचारियों में कार्यालय अधीक्षक-नारायण कुमार गौतम, वरिष्ठ तकनीशियन-सत्यपाल, सीनियर सेक्शन इंजीनियर-बेला भटनागर, मुख्य कार्यालय अधीक्षक- कालू राम मीना, सीनियर सेक्शन इंजीनियर-अनिल कुमार शुक्ला, स्टेशन मास्टर-दया शंकर, मुख्य टीएनसी-रामफूल मीना और ट्रेन मैनेजर-सुरेन्द्र कुमार शामिल थे। सेवानिवृत्त हो रहे रेल सेवको को संबंधित दस्तावेज जैसे: पेंशन पे आर्डर,सेवा प्रमाण पत्र, सर्विस रिकार्ड की सॉफ्ट कापी, पहचान पत्र, मेडिकल कार्ड, कंपोजिट ट्रांसफर ग्रांट भत्ता एवं पास आवेदन तथा प्राधिकार पत्र प्रदान किये गये। इस दौरान डीआरएम ने उदबोधन में कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति राशि का सदउपयोग, स्वास्थ्यमय जीवन व्यतीत करने की सलाह देते हुए उनके भावी सुखी जीवन की शुभकामना दीतथा रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आर आर के सिंह, मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश, सहायक कार्मिक अधिकारी विद्या भूषण भारती, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक चन्द्र प्रकाश मित्तल एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित रहें।



# लालीवाव में विराट धार्मिक महोत्सव को लेकर विभिन्न समाजों की बैठकों और ग्राम-ग्राम सम्पर्क का अभियान जारी

**बांसवाड़ा, 1 अक्टूबर।** लालीवाव मठ में आगामी 20 नवम्बर से आयोजित आठ दिवसीय विराट धार्मिक महोत्सव को लेकर आयोजन समिति के पदाधिकारियों की ओर से ग्राम सम्पर्क अभियान के साथ ही विभिन्न समाजों की चर्चा बैठकों के आयोजन का दौर निरन्तर बना हुआ है।



आयोजन की तैयारियों एवं इसमें अधिकाधिक समाजों एवं ग्रामों की भागीदारी को लेकर लालीवाव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्रीमहंत नारायणदास महाराज के सान्निध्य में पाड़ी कलां, बड़गांव, बड़लिया, सागड़ोद आदि गांवों में बैठकों का आयोजन किया गया।

इनमें महामण्डलेश्वर श्रीमहंत हरिओमदासजी महाराज ने धर्म अध्यात्म से जुड़े कार्यक्रमों में उत्साही भागीदारी का आह्वान किया। महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक पं. भुवनमुकुन्द पण्ड्या सहित अन्य पदाधिकारियों डॉ. दिनेश भट्ट, बालूभाई, विमल भट्ट आदि ने महोत्सव आयोजन के बारे में विस्तार से ग्रामीण प्रतिनिधियों को जानकारी दी। पाड़ी में आयोजित बैठक में पं. केशवलाल, कृष्णलाल, रूपेंग पटेल, परतेंग पटेल, लालसिंग पटेल, डूंगरजी पटेल, मणिलाल पटेल, खोमा भाई पटेल सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और अधिकाधिक भागीदारी का विश्वास दिलाया। बड़गांव में हुई चर्चा बैठक में वालेंग भाई पाटीदार सहित ग्रामीण प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोजन समिति की ओर से राजपूत समाज एवं तेली समाज के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर महोत्सव के बारे में जानकारी से समाजबंधुओं को अवगत कराया गया और इस आयोजन को आशातीत सफल बनाने में हरसंभव सहभागिता का आह्वान किया।

राजपूत समाज कालिका माता की पंच राजपूत समाज नोहरा में हुई बैठक में महामण्डलेश्वर श्रीमहंत हरिओमदास जी महाराज ने उद्बोधन दिया और महोत्सव को अपूर्व धार्मिक अनुष्ठान बताया। इसी प्रकार तेली समाज के प्रतिनिधियों के साथ मठ में चर्चा बैठक हुई। इसमें महोत्सव की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# 4 को ग्राम पंचायत, 10 को उपखंड, 17 को जिला स्तरीय जनसुनवाई

**कोटा, 1 अक्टूबर।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई, त्वरित समाधान एवं नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराने के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत, उपखण्ड एवं जिला स्तर पर क्रमशः 4, 10 व 17 अक्टूबर को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 4 अक्टूबर को समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालय या ग्राम पंचायत द्वारा चिन्हित स्थल पर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई 10 अक्टूबर को पंचायत समिति या उपखंड अधिकारी द्वारा चिन्हित स्थल पर की जाएगी। जिला स्तरीय जनसुनवाई माह के तृतीय गुरूवार 17 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी।

# एमबीएस व जेके लोन अस्पताल का ओपीडी समय बदला

**कोटा, 1 अक्टूबर।** राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध एमबीएस चिकित्सालय के बहिरंग विभागों (ओपीडी) का कार्य समय 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक प्रातः 9 से अपरान्ह 3 बजे तक रहेगा एवं राजपत्रित अवकाश या राजकीय अवकाश होने पर प्रातः 9 से 11 बजे तक रहेगा। अधीक्षक एमबीएस चिकित्सालय डॉ. धर्मराज मीणा ने बताया कि सभी डीडीसी (ओपीडी एवं आईपीडी) काउन्टर्स का समय भी प्रातः 9 अपरान्ह 3 बजे तक रहेगा। अधीक्षक जेके लोन मातृ एवं शिशु चिकित्सालय डॉ. निर्मला शर्मा ने बताया कि जेके लोन चिकित्सालय के बहिरंग विभागों का कार्य समय 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक प्रातः 9 से अपरान्ह 3 बजे तक रहेगा। राजपत्रित अवकाश या राजकीय अवकाश होने पर प्रातः 9 से 11 बजे रहेगा।

# पोस्टर विमोचन के साथ जिले में शुरू हुआ टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0

**धौलपुर, 1 अक्टूबर।** जिले में टोबेको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 की शुरुआत सोमवार को पोस्टर विमोचन के साथ की गई। जिले के स्वास्थ्य भवन पर भाजपा अध्यक्ष सतेंद्र पाराशर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयंती लाल मीणा ने की। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एसटी मोर्चा राजबहादुर मीणा, जिला महामंत्री भाजपा अनिल गोयल भी मौजूद रहे। इस दौरान जिला अध्यक्ष पाराशर ने इस दौरान तंबाकू की रोकथाम करने में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए जिले को तम्बाकू मुक्त बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि किशोर-किशोरियां धूम्रपान को स्टेटस सिंबल मानने लगा है, यह सही नहीं है। युवाओं को तंबाकू की लत को छोड़ने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है और हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम इस अभियान के माध्यम से युवाओं को तंबाकू उपयोग न करने और इसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर तंबाकू मुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मीणा ने बताया कि तम्बाकू सेवन एवं नशीले पदार्थों के सेवन से कैंसर, अस्थमा, हृदय, रोग, टीबी आदि भयावह रोग होने की संभावना होती है। इसलिए टोबेको उपयोग दर में कमी लाना आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत में टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन प्रारम्भ किया गया है।



# सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सरोज धर्मावत एवं रशीदा डामोर का सम्मान

## नर्सेज अस्पताल की रीढ़ की हड्डी - राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल लाल गरासिया

**उदयपुर, 1 अक्टूबर।** राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन उदयपुर के जिला अध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष एवं प्रवीण चारपोटा के नेतृत्व में एमबी अस्पताल के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सरोज धर्मावत एवं रशीदा डामोर का उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं एवं उत्तम व्यवहार के लिए माला एवं साफा पहनाकर, उपरणा व शोल ओढ़ाकर, प्रसंसा पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर कर स्वागत व अभिनंदन किया गया।

सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल लाल गरासिया, नर्सिंग अधीक्षक सम्पत लाल बडारा, गीता आहारी, हरिलता गंधर्व, शारदा गरासिया, हसीना आहरी थी। विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत आमेटा, सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया, संरक्षक रमेश मीणा व प्रदेश सचिव लाल चंद ऐचरा थे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष परमार ने किया। सभी अतिथियों ने सरोज धर्मावत व रशीदा डामोर के उत्कृष्ट नर्सिंग सेवाओं की खुब प्रशंसा की। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि नर्सेज अस्पताल की रीढ़ की हड्डी हैं। इनके नर्सिंग सेवाओं से मरीज़ स्वास्थ्य हो कर घर जाता है।



मरीज़ अस्पताल में नर्सेज के साथ ज्यादातर समय रहता है। जिससे आत्मिय लगाव हो जाता हैं। कार्यक्रम में पंकज जैन,गुलाब सेन,मुस्तन सर बोहरा, राजेश चौधरी, राजूराम, रमेश पंजाबी, महेंद्र सिंह सारंगदेवोत, नारायण सिंह, गणेश लाल डांगी, विश्वेश्वर त्रिवेदी, अशोक श्रीमाली,जावरिया, जितेंद्र भटनागर, नरेंद्र जावरिया, हरीश चौबीसा, मंच जमना सिगलीगर, रमेश सोनी, विरेन्द्र बारबर, विपिन मेहता, सकील मोहम्मद, भीम सिंह,अनिल धावना,सूर्यप्रकाश चौहान, चंद्रप्रकाश, जगदीश व दिनेश सिसोदिया, प्रफुल्ल गांधी, पुष्कर वीरवाल, गोपाल भावसार, अरुण डूंगर वाल, दीपक मेघवाल, नरेश कतिजा, गायत्री जडीया, प्रदीप मेहता, लक्ष्मी लाल सालवी, प्रमोद भाटी, हेमंत आमेटा, राजेश , बिना कलाल, केसर रेगर, कैलाश चौधरी, सुनीता शर्मा, सुनीता खंडेलवाल, सोनी उपाध्याय, उर्मिला मीणा, पुष्पा मलवारी, चंद्रकांता तलेसरा, राजकुमारी सोनी, प्रतिभा, तारा, माया, अंजना भोई, लता शिवराम, वनमाला व बिंदु चित्तौड़ा, शर्मिला माली, लता धोबी, पुष्पा भाटी, करण सिंह दक, जगदीश भांडावत, सुजा जोर्ज, सहित सैकड़ों नर्सेज उपस्थित थे।

# एक से सात अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ किया जायेगा समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन

**धौलपुर, 1 अक्टूबर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा समाज कल्याण सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विशेष योग्यजन, महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण के लिये संचालित योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के साथ साथ सामाजिक बुराईयों एवं क्रुरीतियों के विरूद्ध जन चेतना जाग्रत करना है इसी उद्देश्य को लेकर 1 से 7 अक्टूबर 2024 तक जिले मे समाज कल्याण सप्ताह समारोह मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह के अंतर्गत 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्ध कल्याण दिवस एवं समाज कल्याण सप्ताह का शुभारम्भ, 2 अक्टूबर को अनुसूचित जातियों का कल्याण दिवस, 3 अक्टूबर को अपराधी सुधार दिवस, 4 अक्टूबर को बाल दिवस, 5 अक्टूबर को महिला एवं बालिका कल्याण दिवस, 6 अक्टूबर को जन चेतना दिवस एवं 7 अक्टूबर को विशेष योग्यजन कल्याण दिवस एवं समाज कल्याण सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।


## कार्यालय, नगर पालिका गोविन्दगढ जिला-अलवर(राज.)

क्रमांक/नपागो/लेखा/निविदा/2024/912 दिनांक- 27.09.2024

**ई-निविदा सूचना 05/2024-25**

नगरपालिका गोविन्दगढजिला अलवर के सम्पूर्ण पालिका क्षेत्र में सफाई कार्य करना एवं कचरा संग्रहण कर स्वयं के परिवहन से निर्धारित स्थान पर डालने के कार्य का वार्षिक अनुबन्ध हेतु उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध फर्मो/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रॉक्यूरमेंट प्रकिया से (http://eproc.rajasthan.gov.in) ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

(अ) निविदित कार्यो का विवरण हेतु प्रपत्र

| S. NO | Work Name | NIB Code | UBN Code |
|---|---|---|---|
| 1 | नगरपालिका गोविन्दगढ के सम्पूर्ण पालिका क्षेत्र में सफाई कार्य करना एवं कचरा संग्रहण कर स्वयं के परिवहन से निर्धारित स्थान पर डालने के वार्षिक अनुबन्ध हेतु | DLB2425A2925 | DLB2425SLRC09132 |

नोट :-निविदा से संबंधित अधिक जानकारी के लिए https://sppp.rajasthan.gov.in Or https://eproc.rajasthan.gov.in पोर्टल पर अन्तिम दिनांक व समय से पूर्व देखा व पढा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/24/5889 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी


# 13 टीमों में 130 स्वास्थ्य कार्मिकों ने 2 हजार 168 घरों का किया सर्वे

## एंटी लार्वा गतिविधियां आयोजित कर आमजन को किया जागरूक

**धौलपुर, 1 अक्टूबर।** जिले भर में बारिश के बाद मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा घरों का सर्वे कर एंटी लार्वा गतिविधियां करवाई जा रही है। इसी क्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर आज धौलपुर शहर के विभिन्न हिस्सों में बीएससी नर्सिंग व एनएनएमटीसी की छात्राओं की 13 टीमों में शामिल 130 स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लगभग दो दर्जन कॉलोनियों में सर्वे कर एंटी लार्वा गतिविधियां आयोजित करते हुए मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया। साथ ही आमजन को मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक किया। टीमों की रवानगी से पूर्व सीएमएचओ डॉ. जयंती लाल मीणा ने स्वास्थ्य कर्मियों को एंटी लार्वा गतिविधियों के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



उन्होंने बताया कि जिले में बारिश के चलते जगह-जगह पर पानी एकत्र हो गया है। जिससे मच्छरों के प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण बन गया है। ऐसे में सही तरीके से एंटी लार्वा गतिविधियां करें, साथ ही मौके पर मौजूद आम जन से अपने-अपने घरों और आस-पास एकत्र पानी को खाली करने के लिए प्रेरित करें।

इस दौरान उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए अपने आसपास जल भराव न होने दें। क्योंकि मच्छर ऐसे रुके हुए पानी में ही अंडे देते हैं। उन्होंने बताया कि मच्छरों की रोकथाम का सबसे प्रभावी तरीका होता है एंटी लार्वा एक्टिविटी, जिसके तहत मच्छरों को पनपने से रोका जा सकता है।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि विभागीय टीमों द्वारा शहर की हाउसिंग बोर्ड, भोगीराम नगर, राजेंद्र नगर मंगल विहार, गौशाला, राजाखेड़ा बाई पास सहित करीब दो दर्जन कोलोनियों के 2 हजार 168 घरों का सर्वे कर एंटी लार्वा गतिविधियां की गई। इस दौरान 472 जल जमाव के पात्र खाली कराए गए साथ ही खाली पड़े 197 प्लॉट में हुए जल भराव में दवा डाली गई। उन्होंने आमजन से अपील की कि घरों में पक्षियों के लिए रखे जाने वाले परिण्डों को सप्ताह में एक बार खाली कर उन्हें अच्छी तरह रगड़कर साफ करें।

# जिला कलक्टर पहुंचे राठौड़ों का गुड़ा घटनास्थल का किया मुआयना, दिए निर्देश

**उदयपुर, 1 अक्टूबर।** पंचायत समिति बड़गांव के राठौड़ों का गुड़ा गांव में में लेपर्ड द्वारा एक मंदिर के पुजारी का शिकार करने की घटना का जायजा लेने के लिए जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल सोमवार सुबह मौके पर पहुंचे। जिला कलक्टर ने घटनास्थल का मुआयना कर वन विभाग के अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों से जानकारी ली।



जिला कलक्टर पोसवाल सोमवार सुबह करीब 10.30 बजे राठौड़ों का गुड़ा पहुंचे। वहां उन्होंने घटनास्थल तथा आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए जायजा लिया। इस दौरान कलक्टर ने पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों से घटना की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को पूरी सावधानी व गंभीरता से लेपर्ड का सर्च आपरेशन चलाने के निर्देश दिए।

**आमजन से की अपील:** इस मौके पर कलेक्टर पोसवाल ने घटना के बारे में ग्रामीणों से भी संवाद किया और विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को लेपर्ड के रिहायशी इलाके में प्रवेश करने की संभावनाओं को देखते हुए सावधानी रखने, वन क्षेत्र के आसपास अकेले नहीं जाने, रात्रि के समय नहीं घूमने तथा खुले में अकेले नहीं सोने की अपील की।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड़-कामां ( डीग )

क्रमांक: 1200 दिनांक: 26.09.2024

**निविदा सूचना सं. 04/2024-25 ( अल्पकालीन निविदा )**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड-कामां में विभिन्न कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों/ केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कुल 01 कार्य, जिनकी कुल लागत राशि रुपये 71.10 लाख है, के लिए ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख एवं समय | दिनांक 27.09.2024 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 07.10.2024 को दोपहर 2:00 बजे तक |
| बेवसाईट पर तकनीकी निविदा खोलने की तारीख व स्थान | दिनांक 07.10.2024 को सायं 04.00 बजे खण्ड कार्यालय कामां |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट "www.dipronline.org" पर एवं निविदा दस्तावेज का विवरण "http:///eproc.rajasthan.gov.in" एवं "sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया "http://eproc.rajashtan.gov.in" पर ऑनलाईन सम्पादित की जावेगी।

NIB Code: PWD2425A1833

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2425WSRC06601 |

अधिशाषी अभियन्ता
डीआईपीआर/सी/9306/24 सा.नि.वि. खण्ड-कामां


## तृतीय राजस्थान राज्य अंतर जिला सिविल सेवा टूर्नामेंट, टेबल टेनिस में उदयपुर की टीम विजेता



**उदयपुर, 1 अक्टूबर।** तृतीय राजस्थान राज्य अंतर जिला सिविल सेवा टूर्नामेंट 2024-25 अलवर में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उदयपुर जिले की टीम विजेता रही। इस उपलब्धि पर अलवर कलेक्टर डॉ. अर्तिका शुक्ला ने खिलाड़ियों को विजेता ट्रॉफी प्रदान कर शुभकामनाएं दी। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के खेल प्रभारी सुरेंद्र सिंह चूंडावत ने बताया कि उदयपुर की टीम ने फाईनल में डूंगरपुर को हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। चुण्डावत के नेतृत्व में भेजी गई टीम में कप्तान देवेंद्र सिंह सारंगदेवोत, डॉ. अश्विनी उपाध्याय, रविंद्र सिंह शेखावत, लक्ष्मण सिंह चौहान, ओम प्रकाश चौधरी, डॉ. नागेंद्र सिंह सोलंकी, संजय शर्मा एवं टीम मैनेजर प्रवीण सिंह राठौड़ ने भाग ले कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उदयपुर को विजेता बनाया।

# सेवा पखवाडा के तहत भाजपा ने पूर्व सैनिको का किया सम्मान

**कोटा, 1 अक्टूबर।** माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की बेला में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज महावीर नगर विस्तार योजना स्थित एल.बी.एस. स्कूल परीसर में जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य में भाजपा पदाधिकारियों द्वारा पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक उद्योग प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के पी सिंह रहे। पूर्व सैनिकों में कैप्टन रामकुमार सिंह, कैप्टन रघुराज सिंह, नायब सूबेदार रणवीर सिंह का जिलाध्यक्ष राकेश जैन व भाजपा पदाधिकारियों ने मोमेंटो शाल माला व श्रीफल देकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि सैनिक हमारे देश के असली हीरों है।

देश की सीमाओं पर सैनिक दिन रात कडी चौकसी रखते है। सैनिक देश सुरक्षा में अपने प्राणों की आहुती देने मे एक सैकण्ड का भी समय नहीं लगाते। इनकी बदौलत ही हम सुरक्षित है। हम सभी का फर्ज बनता है कि हम इन्हें सेल्यूट करें, इनका दिल से सम्मान करें। कार्यक्रम में सेवा पखवाड़ा अभियान के सहसंयोजक भाजपा उपाध्यक्ष देवेंद्र राही, जिला उपाध्यक्ष रितेश चितोड़ा, सहसंयोजक मोनी शारदा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष साहिल मिर्जा, ओबीसी मोर्चा महामंत्री अमित उराडिया आदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION KISHANGARH BAS

**Email: eelalwar2.pwd@rajasthan.gov.in & pwdalwar2@rediffmail**

No.: 997 Date: 26.09.2024

**NIT No. 09/2024-25**

Bids for 7 No. Works (Road/Building) are invited from interested bidder upto 6:00 Pm on 07.10.2024 Other particulars of the bid may be visited on teh procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and http://pwd.rajasthan.gov.in departmental website. The approximate value of the procurements is Rs. 114.21 lacs.

UBN No. 1. PWD2425WSOB06543 2. PWD2425WSOB06545
3. PWD2425WSOB06550 4. PWD2425WSOB06559 5. PWD2425WSOB06562

(Bhoori Singh)
DIPR/C/9274/24 Executive Engineer PWD Div K.G. Bas

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड बयाना

क्रमांक: 1075 दिनांक: 25.09.2024

**निविदा सूचना संख्या 10/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड बयाना में भवन निर्माण कुल 01 निर्माण कार्य दोष निवारण के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/ केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/ केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/ डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

NIB No. PWD2425A1723
UBN No. PWD2425WSOB06521 (Rs. 81.00 Lakhs)

अधिशाषी अभियन्ता
डीआईपीआर/सी/9244/24 सा.नि.वि. खण्ड बयाना

## कार्यालय नगरपालिका बामनवास गंगापुर सिटी (राज0)

क्रमांक-न.पा.बा/2024-25/1230 दिनांक- 27.09.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/2024-25**

नगरपालिका बामनवास द्वारा निम्न कार्य हेतु सामग्री क्रय/सेवाओं में इच्छुक एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन दर संविदा हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in/ डाउनलोड एवं अपलोड व https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर डाउनलोड किये जा सकते हैं :-

| S. No. | Particulars | Detail |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | इण्डेन गैस गोदाम से रामजीलाल मीना के खेत की ओर नाला निर्माण कार्य |
| 2 | Estimate cost of Tender | 32.12 Lacs. |
| 3 | Earnest money (EMD) 2% | 64240 |
| 4 | Cost of tender document (non-refundable) in favour of Executive Officer municipal Board Bamanwas. | 1000.00 |
| 5 | RISL Processing Fees (non – refundable) In Favor of MD RISL Payable at Jaipur. | 500.00 |
| 6 | Tender Publication on official web site https://sppp.rajasthan.gov.in/ | 27.09.2024 |
| 7 | Tender download start date | 27.09.2024 |
| 8 | Bid Submission start date & Time | 28.09.2024 at 10.00 am. |
| 9 | Bid Submission End date & Time | 06.10.2024 at 06.00 pm. |
| 10 | Technical bid opening date & Time | 07.10.2024 at 02.00 pm. |

निविदादाताओं को निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस तथा अमानता राशि का डीडी/बैंकर्स चैक नगरपालिका बामनवास कार्यालय में भौतिक रूप से दिनांक 07.10.2024 को प्रातः 11.00 बजे तक आवश्यक रूप से जमा करवाना अनिवार्य होगा।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in/ तथा https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर रिजस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

UBN No. DLB2425WSOB09251 प्रशासक एवं अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/24/5915 नगरपालिका बामनवास

## आज का दिन

आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, विक्रम सं. 2081, शक संवत् 1946, हिजरी 1446, तद्नुसार अंग्रेजी दिनांक 1 अक्टूबर, सन् 2024 ईस्वी। वार- मंगलवार, सूर्य-दक्षिणायण, ऋतु-वर्षा

## सम्पादकीय

# देश भर के तमाम विश्वविद्यालयों के संदेश

**दिल्ली** विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनावों को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने जो सख्त रुख दिखाया है, उसका सभी संबंधित पक्षों को स्वागत करना चाहिए। हाईकोर्ट की यह पहल भले डीयू की ओर केंद्रित हो, लेकिन इससे निकला संदेश देश भर के तमाम विश्वविद्यालयों के छात्र संघ चुनावों के लिए है। पहली नजर में जरूर मामला सार्वजनिक इमारतों की साफ-सफाई और सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा का लगता है, लेकिन वास्तव में यहां मुद्दा छात्र राजनीति को जवाबदेह बनाने का है। हाईकोर्ट ने मतदान के कार्यक्रम के साथ छेड़छाड़ नहीं की, लेकिन मतगणना पर रोक लगाते हुए कहा कि जब तक वह इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाता कि चुनाव के दौरान पोस्टरों, बैनरों और पर्चों वगैरह के जरिए फैलाई गई गंदगी पूरी तरह साफ की जा चुकी है, तब तक नतीजे घोषित नहीं किए जाएंगे। महत्वपूर्ण यह भी है कि इस साफ-सफाई में होने वाला खर्च शुरू में भले ही, एमसीडी देगा, मगर उसकी भरपाई बाद में डीयू को करनी होगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि डीयू प्रशासन चाहे तो प्रत्याशियों से वह खर्च वसूल सकता है। यानी आखिरकार सफाई का बोझ उन्हीं पर आएगा, जो इस गंदगी के लिए जिम्मेदार होंगे। यह पूरा मसला दरअसल छात्र राजनीति में बढ़ते बाहुबल और धनबल के जोर से जुड़ा है। दिल्ली में ही डीयू और जेएनयू के छात्रसंघ चुनावों के रूप में दो बिल्कुल अलग-अलग मॉडल उपलब्ध हैं। जहां जेएनयू में तर्क-वितर्क और बहस-मुबाहिसे के माहौल में चुनाव संपन्न होते हैं, वहीं डीयू में गाड़ियों के बड़े-बड़े काफिलों के साथ पूरे तामझाम के बीच चुनाव प्रचार होता है। इस बार भी बगैर नंबर वाली या पोस्टरों से ढके नंबरप्लेट वाली गाड़ियों के इस्तेमाल की शिकायतें कोर्ट के सामने आई हैं। अफसोस की बात है कि जेएनयू मॉडल मुख्यतया वहीं तक सीमित रहा जबकि डीयू मॉडल का प्रभाव देश के तमाम विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनावों के दौरान दिख जाता है। ध्यान रहे, सुप्रीम कोर्ट द्वारा 2005 में गठित लिंगदोह समिति ने यूनिवर्सिटी चुनावों में प्रति प्रत्याशी खर्च की अधिकतम सीमा 5000 रुपये तय की थी। यह तभी हो सकता है जब विश्वविद्यालयों में चुनाव छात्र अपने बूते लड़ें, राजनीतिक दलों का वैचारिक प्रभाव भले हो, उन्हें अपने संसाधनों के जरिए इन चुनावों को प्रभावित करने की इजाजत न दी जाए। डीयू चुनावों में हाईकोर्ट का ताजा दखल एक अच्छी शुरुआत साबित हो सकता है। इसे अन्य विश्वविद्यालयों में भी लागू करने की कोशिश होनी चाहिए। लेकिन ध्यान रहे, इसका मकसद छात्र राजनीति को ज्यादा स्वच्छ, सहज और लोकतांत्रिक बनाना है, स्टूडेंट कम्युनिटी की लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति को विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुशासन की भेंट चढ़ाना नहीं।

## विदेशी अखबारों से

# नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन में मृतकों की संख्या बढ़कर 125 हुई

**नेपाल** में बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ़कर 125 हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पूर्वी और मध्य नेपाल का बड़ा हिस्सा शुक्रवार से जलमग्न है और देश के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई है। सशस्त्र पुलिस बल के सूत्रों के अनुसार, बाढ़ और भूस्खलन के कारण 64 लोग लापता हैं और 61 लोग घायल हुए हैं। काठमांडू घाटी में सबसे ज्यादा लोगों की मौत हुई है। कम से कम 322 मकान और 16 पुल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सुरक्षाकर्मियों ने करीब 3,626 लोगों को बचाया। सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान अब भी जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उन्होंने काठमांडू घाटी में पिछले 40-45 साल में इतनी विनाशकारी बाढ़ नहीं देखी। सशस्त्र पुलिस बल ने एक बयान में कहा कि मृतकों की संख्या 125 हो गई है। काठमांडू के पास स्थित धादिंग जिले में शनिवार को एक बस के भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। भक्तापुर शहर में भूस्खलन में एक मकान ढहने से पांच लोगों की मौत हो गई। मकवानपुर में 'ऑल इंडिया नेपाल एसोसिएशन' द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण केंद्र में भूस्खलन की घटना में छह फुटबॉल खिलाड़ियों की जान चली गई और अन्य लोग बाढ़ के पानी में बह गए। मंगलवार तक बारिश जारी रहने के अनुमान के बावजूद रविवार को थोड़ी राहत मिली। 'इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट' (आईसीआईएमओडी) में जलवायु और पर्यावरण विशेषज्ञ अरुण भक्ता श्रेष्ठ ने कहा, 'मैंने काठमांडू में पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर बाढ़ नहीं देखी।' आईसीएमओडी द्वारा शनिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया कि काठमांडू की मुख्य नदी बागमती शुक्रवार और शनिवार को पूर्वी तथा मध्य नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद से खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसमें कहा गया कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव की स्थिति और मानसून की स्थिति के कारण शनिवार को असाधारण रूप से तीव्र वर्षा हुई। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण पूरे एशिया में बारिश की मात्रा और समय में बदलाव आ रहा है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण नेपाल के कई हिस्सों में जनजीवन ठप हो गया है। कई राजमार्ग और सड़कें अवरुद्ध हैं, सैकड़ों मकान और पुल बह गए हैं तथा सैकड़ों परिवार विस्थापित हो गए हैं।

## प्रेरक प्रसंग

# अकबर का नवरत्न

**अकबर** एक शाम अपने प्रिय मंत्री बीरबल के साथ अपने शाही बगीचे की सैर करने निकले। चारों ओर हरियाली थी और फूलों की सुगंध वातावरण को और भी सुंदर बना रही थी। तब अकबर ने बीरबल से कहा, बीरबल क्या तुम इस हरे बगीचे में मुझे हरे घोड़े पर सैर करा सकते है? मेरी यह इच्छा पूरी कर दो। आपको सात दिन की मोहलत मैं देता हूं, इतने दिनों में मेरे लिए हरा घोड़ा ढूंढ कर लाओ। अगर ऐसा नहीं कर सके तो मुझे अपना चेहरा मत दिखाना।

राजा और बीरबल दोनों जानते थे कि दुनिया में आज तक कोई हरे रंग का घोड़ा नहीं हुआ था। लेकिन राजा चाहते थे कि बीरबल किसी बात में हार मान ले। इसलिए उन्होंने बीरबल को यह आदेश दिया। लेकिन बीरबल बहुत चालाक भी थे। आठवें दिन बीरबल राजा के दरबार में पहुंचे और कहा, महाराज! आपके लिए हरे घोड़े का इंतजाम कर लिया है। उसके मालिक कि दो शर्तें हैं। राजा ने शर्तों के बारे में पूछा। पहली शर्त यह है कि उस हरे घोड़े को लाने के लिए आपको स्वयं जाना होगा, बीरबल ने कहा। राजा इस शर्त को मानने को तैयार था। बीरबल ने कहा, घोड़े के मालिक की दूसरी शर्त है कि आपको सप्ताह के सातों दिन के अलावा कोई और दिन घोड़ा लेने के लिए चुनना होगा। विचित्र शर्तें सुन अकबर हतप्रभ हो गए। बीरबल बोले महाराज घोड़े का मालिक का कहना है कि असाधारण घोड़े को प्राप्त करने के लिए खास शर्तें तो माननी ही पड़ेगी। बीरबल की चतुराई भरी बात सुनकर राजा अकबर खुश हो गए।

# म्यांमार में विद्रोहियों को वार्ता का आमंत्रण

**अरुण कुमार श्रीवास्तव**

*बीजिंग ने संघर्ष में मध्यस्थता करने का प्रयास किया है, लेकिन उसे चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। गृहयुद्ध ने सीमा पर कभी संपन्न रहे आर्थिक क्षेत्रों को भी प्रभावित किया है। तनाव के बावजूद कुछ स्थानीय लोग सीमा पार अनौपचारिक संबंध बनाये रखना जारी रखते हैं। हाल ही में रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने म्यांमार के विद्रोहियों को मध्य नवम्बर में प्रस्तावित सेमिनार में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है जो सैन्य सरकार और समानांतर राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) के प्रतिनिधियों से संघर्षरत हैं।*

**तेजी** से बदलते घटनाक्रम में म्यांमार के सत्तारूढ़ सैन्य शासक वर्ग(जुंटा) ने सशस्त्र विद्रोही समूहों को लड़ाई बंद करने और राजनीतिक वार्ता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। जुंटा ने एक बयान में कहा, हम जातीय सशस्त्र समूहों, आतंकवादी विद्रोही समूहों और आतंकवादी पीडीएफ समूहों को आमंत्रित करते हैं जो राज्य के खिलाफ लड़ रहे हैं और आह्वान करते हैं कि वे आतंकवादी लड़ाई छोड़ दें और राजनीतिक समस्याओं को राजनीतिक रूप से हल करने के लिए हमारे साथ संवाद करें।



यह उन समाचार रिपोर्टों के बाद आया है जिनमें कहा गया है कि भारत के सरकारी वित्त पोषित थिंक टैंक, इंडिया काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) ने एनयूजी, काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी (केआईए), अराकान आर्मी और चिन नेशनल फ्रंट के प्रतिनिधियों को सेमिनार में आमंत्रित किया है। इस बीच, चीन, जो लंबे समय से म्यांमार के जातीय सशस्त्र समूहों को प्रभावित करता रहा है, म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी (एमएनडीएए) पर दबाव डाल रहा है कि वह अन्य विपक्षी ताकतों के साथ गठबंधन न करे, जिन्हें चीन पश्चिमी देशों द्वारा समर्थित मानता है, विशेषज्ञों का कहना है। एमएनडीएएथ्री ब्रदरहुड अलायंस का हिस्सा है जिसमें तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) और अराकान आर्मी (एए) शामिल हैं। एमएनडीएए, जिसे कोकांग जातीय सशस्त्र समूह के रूप में भी जाना जाता है, जिसके सदस्य कोकांग के मूल निवासी मंदारिन-भाषी हान चीनी हैं, ने सोशल मीडिया पर चीन के साथ अपने गठबंधन की पुष्टि करते हुए एक बयान फिर से पोस्ट किया।

4 सितंबर को संक्षिप्त रूप से पोस्ट किये गये और 19 सितंबर को फिर से पोस्ट किये गये उसके बयान में कहा गया, हमारी राजनीतिक लाल रेखा चीन के खिलाफ़ लोगों के साथ गठबंधन बनाने या साथ काम करने की नहीं है। म्यांमार में रणनीतिक रूप से स्थित जातीय सशस्त्र समूह एमएनडीएएपर बीजिंग का दबाव देश के राजनीतिक परिदृश्य पर नियंत्रण बनाये रखने की उसकी इच्छा को दर्शाता है। चीन के साथ म्यांमार की पूर्वोत्तर सीमा पर स्थित एमएनडीएएपर विपक्षी ताकतों से संबंध खत्म करने का दबाव बनाया जा रहा है, जिन्हें बीजिंग अमेरिका का समर्थन प्राप्त मानता है। कभी आर्थिक सहयोग का प्रतीक रही चीन और म्यांमार के बीच की सीमा म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध और महामारी के प्रति चीन की प्रतिक्रिया के कारण और अधिक प्रतिबंधात्मक हो गयी है। कभी छिद्रपूर्ण रही सीमा को अब बाड़ और निगरानी से मजबूत किया गया है, जो बिगड़ते संबंधों को दर्शाता है। जबकि चीन ने म्यांमार में व्यापार गलियारे के लिए भारी निवेश किया है, वर्तमान संघर्ष ने इन योजनाओं को बाधित कर दिया है। बीजिंग ने संघर्ष में मध्यस्थता करने का प्रयास किया है, लेकिन उसे चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। गृहयुद्ध ने सीमा पर कभी संपन्न रहे आर्थिक क्षेत्रों को भी प्रभावित किया है। तनाव के बावजूद कुछ स्थानीय लोग सीमा पार अनौपचारिक संबंध बनाये रखना जारी रखते हैं। हाल ही में रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने म्यांमार के विद्रोहियों को मध्य नवम्बर में प्रस्तावित सेमिनार में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है जो सैन्य सरकार और समानांतर राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) के प्रतिनिधियों से संघर्षरत हैं। यह पहली बार है जब भारत औपचारिक रूप से म्यांमार के विद्रोहियों से जुड़ेगा, जिन्हें लोकप्रिय रूप से 'प्रतिरोध' कहा जाता है। फरवरी 2021 के तख्तापलट के बाद से म्यांमार में स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गयी है, तथा विद्रोहियों ने सीमावर्ती राज्यों सहित 60 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र पर नियंत्रण कर लिया है।

हाल के महीनों में, विद्रोहियों और सेना के बीच भीषण लड़ाई का भारत के सीमावर्ती राज्यों पर भी असर पड़ा है, जहां शरणार्थियों की बाढ़ आ गयी है, जिनमें से कई हथियार और गोला-बारूद के साथ आते हैं। भारत को डर है कि इससे म्यांमार के साथ उसकी 1650 किलोमीटर लंबी सीमा और दोनों देशों से जुड़ी कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अस्थिरता आ सकती है। इसे देखते हुए, सरकार द्वारा वित्तपोषित थिंक टैंक, इंडिया काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) ने कथित तौर पर एनयूजी, काचिनइंडिपेंडेंस आर्मी (केआईए), अराकान आर्मी और चिन नेशनल फ्रंट के प्रतिनिधियों को सेमिनार में आमंत्रित किया है। हालांकि, चिन नेशनल फ्रंट को छोड़कर, म्यांमार की सेना सहित आमंत्रित लोगों में से किसी ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। यहां तक कि भारत सरकार और आईसीडब्ल्यूए ने भी कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

जातीय विद्रोही समूहों में से एक, चिन नेशनल फ्रंट के उपाध्यक्ष सुई खार ने कहा, हम प्रतिनिधि भेजने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह पहली बार होगा जब भारत औपचारिक रूप से गैर-सरकारीकार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करेगा। यह एक अच्छा, सकारात्मक दृष्टिकोण है।

भारत ने आधिकारिक यात्राओं के माध्यम से म्यांमार के शासकों के साथ संबंध बनाये रखा है और तख्तापलट से पहले औपचारिक रूप से किये गये कुछ हथियारों के सौदों को जारी रखा है। इसने दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र में बढ़ते संघर्ष और उसके परिणामस्वरूप मानवीय संकट के बारे में चिंता व्यक्त करने से परहेज किया है। हालांकि, इस साल जून में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने म्यांमार में भारत की परियोजनाओं के लिए सीमा अस्थिरता और सुरक्षा जोखिमों के बारे में चिंता व्यक्त की।

भारत पश्चिमी म्यांमार में 400 मिलियन की कलादान बंदरगाह और राजमार्ग परियोजना को सक्रिय रूप से विकसित कर रहा है। साथ ही एक अलग सड़क परियोजना में लगभग 250 मिलियन का निवेश भी कर रहा है जो म्यांमार के माध्यम से थाईलैंड के साथ अपने भू-आबद्ध पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ेगी।

विद्रोहियों को बातचीत के लिए लाने की भारत की पहल दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) द्वारा इसी तरह की पहल के बीच आई है, जिसे म्यांमार ने कभी गंभीरता से नहीं लिया। आसियान सदस्य देशों के प्रमुख नेताओं ने गतिरोध को समाप्त करने के लिए म्यांमार की कई यात्राएं कीं, लेकिन कोई फ़ायदा नहीं हुआ। हाल ही में, चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने म्यांमार की राजधानी नेपीडा का अचानक दौरा किया, ऐसी रिपोर्ट के बीच कि म्यांमार के सैन्य शासक विद्रोहियों की मदद करने और सैन्य सरकार के साथ कामकाजी संबंध बनाये रखने की चीन की दोहरी नीति पर नाराज़गी व्यक्त कर रहे हैं।

# चीन को कैसे काबू में करेगा क्वाड

**हर्ष वी. पंत**

*मोदी ने बहुत कम शब्दों में इसके जरिये कई हलकों को संदेश दे दिया। इनमें वे भी शामिल थे, जो हमेशा क्वाड की आलोचना करते रहते हैं। और वे भी, जो इस मंच की प्रासंगिकता पर प्रश्न खड़े करते रहते हैं। आज दुनिया के जो हालात हैं, उन्हें देखते हुए यह बात बहुत मायने रखती है। आज कई वैश्विक मंचों की अहमियत नहीं रह गई है। ऐसे में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया की सदस्यता वाले क्वाड जैसे नए मंच को लेकर उनकी प्रतिबद्धता का साफ मतलब है। मतलब यह कि दुनिया में पिछले कुछ वर्षों में नाटकीय बदलाव आया है। साथ ही, इस बदलती दुनिया में भारत की भूमिका भी तेजी से बदल रही है।*

**कुछ** दिनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका में क्वाड लीडर्स के सम्मेलन में कहा, 'यह संस्था बनी रहेगी। सदस्य देश एक दूसरे से सहयोग करेंगे, आपसी साझेदारी भी होगी और तालमेल भी बना रहेगा।' मोदी ने बहुत कम शब्दों में इसके जरिये कई हलकों को संदेश दे दिया। इनमें वे भी शामिल थे, जो हमेशा क्वाड की आलोचना करते रहते हैं। और वे भी, जो इस मंच की प्रासंगिकता पर प्रश्न खड़े करते रहते हैं। आज दुनिया के जो हालात हैं, उन्हें देखते हुए यह बात बहुत मायने रखती है। आज कई वैश्विक मंचों की अहमियत नहीं रह गई है। ऐसे में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया की सदस्यता वाले क्वाड जैसे नए मंच को लेकर उनकी प्रतिबद्धता का साफ मतलब है। मतलब यह कि दुनिया में पिछले कुछ वर्षों में नाटकीय बदलाव आया है। साथ ही, इस बदलती दुनिया में भारत की भूमिका भी तेजी से बदल रही है।

इसी को ध्यान में रखते हुए क्वाड की गतिविधियां भी बढ़ रही हैं। बेशक, इसकी रफ्तार धीमी रही है, लेकिन 2017 में इसके वजूद में आने के बाद से इस मंच ने कई क्षेत्रों में तरक्की की है। हालिया सम्मेलन में क्वाड कैंसर मूनशॉट इनीशटिव का एलान हुआ। इसके तहत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कार्विकल कैंसर से लड़ने की पहल होगी। हिंद-प्रशांत में एनर्जी एफिशिएंसी बढ़ाने के लिए इस मंच के तहत सामूहिक पहल की जाएगी। इसके लिए हाई एफिशिएंसी और किफायती कूलिंग सिस्टम तैयार किए जाएंगे और उन्हें लगाया जाएगा। क्वाड स्टेम फेलोशिप के मार्फत चार साल की अवधि वाला इंजिनियरिंग प्रोग्राम भी शुरू किया जाएगा, जिसके लिए टेक्निकल इंस्टिट्यूट का खर्चा भारत सरकार उठाएगी। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रा को डिवेलप और लागू करने के लिए बुनियादी सिद्धांतों पर भी सहमति बनी।

सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन क्षेत्र में कंटिंजेंसी नेटवर्क सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग को भी सदस्य देशों ने अंतिम रूप दे दिया है। लेकिन बड़ी बात यह है कि समुद्री सुरक्षा को लेकर क्वाड अब सक्रिय होता दिख रहा है। इसने हिंद-प्रशांत के लिए नई पहल शुरू की है। इसके तहत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सदस्य देश रीजनल पार्टनर्स के लिए ट्रेनिंग शुरू करेंगे, जिसे ( मैत्री) नाम दिया गया है। इससे आईपीएमडीए और क्वाड की दूसरी पहल के जरिये जो टूल्स दिए गए हैं, उससे उन्हें समुद्री सीमा की निगरानी और सुरक्षा में मदद मिलेगी। वे वहां अपने कानून लागू कर सकेंगे और गैर-कानूनी गतिविधियों पर रोक लगाने में सक्षम होंगे। क्वाड सम्मेलन में हिंद-प्रशांत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क पायलट प्रॉजेक्ट का भी एलान किया गया। इसके तहत चारों देश मिलकर एयरलिफ्ट कैपेसिटी बनाएंगे और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में एक दूसरे की क्षमता का इस्तेमाल कर सकेंगे। किसी कुदरती आपदा की सूरत में इससे राहत और बचाव कार्य में मदद मिलेगी। पहली बार 2025 में क्वाड के तहत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ऑब्जर्वर मिशन भी शुरू किया जाएगा। इससे सदस्य देशों के कोस्टगार्ड्स के बीच आपसी तालमेल बढ़ेगा।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अंडरसी केबल नेटवर्क्स की क्षमता बढ़ाने और मजबूत करने के सिलसिले में भी चारों देशों के बीच सहयोगी जारी है। इसके साथ इस बार के सम्मेलन में हिंद-प्रशांत में टिकाऊ और मजबूत बंदरगाह इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट के लिए सदस्य देशों के अपने-अपने तजुर्बे का इस्तेमाल करने पर सहमति बनी। इसके लिए क्वाड पोर्ट्स ऑफ द फ्यूचर पार्टनरशिप प्रोग्राम शुरू किया गया।

क्वाड की आलोचना भी होती रही है। खासतौर पर इसकी धीमी रफ्तार को निशाना बनाया जाता है। आलोचक कहते रहे हैं कि जिन क्षेत्रों पर इसमें सहयोग की बात होती है, उसका दायरा बहुत बड़ा है। वे चुनिंदा चीजों पर सहयोग करने की सलाह देते आए हैं। लेकिन यह कहना आसान है। असल में, यह मंच जिन क्षेत्रों में सहयोग कर सकता है, उस पर अभी काम चल रहा है। इस मंच में चार ऐसे देश शामिल हैं, जिनके रणनीतिक लक्ष्य एक हैं, लेकिन उन्हें हासिल करने की क्षमता अलग-अलग। इस संदर्भ में खासतौर पर भारत दूसरों से अलग है। जहां अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ट्रीटी अलायंस पार्टनर्स रहे हैं, वहीं भारत की दिलचस्पी औपचारिक अलायंस में नहीं रही है। इसके बावजूद हिंद-प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र और सबके लिए खुला बनाए रखने को लेकर ये देश साथ आए हैं। इन्होंने इस क्षेत्र के लिए साझे लक्ष्य तय किए हैं, जो समावेशी हैं।

इस क्षेत्र में भविष्य में किस तरह की सुरक्षा होगी, उसकी उन्होंने एक झलक भी दी है। एक तरह से वे दक्षिण प्रशांत, हिंद महासागर और दक्षिणपूर्व एशिया में चीन की आक्रामकता को रोकने के लिए एक भरोसेमंद वैकल्पिक व्यवस्था देने में कामयाब रहे हैं। चीन शुरू से ही क्वाड को खारिज करता आया है। वह इसे नैटो का हिंद-प्रशांत वर्जन बताता आया है। चीन कहता है कि क्वाड चुनिंदा देशों का मंच है, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांतिपूर्ण-स्थायी व्यवस्था के लिए खतरा है। लेकिन चीन की ऐसी बयानबाजी के सामने नरम पड़ने के बजाय क्वाड अपना रुख सख्त कर रहा है। आज दुनिया में भारी उथलपुथल मची ही है। ऐसे में जो चुनौतियां सामने आ रही हैं, उनसे निपटने के लिए नए आइडिया की जरूरत है। क्वाड हालिया वर्षों में शायद अंतरराष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से सबसे दिलचस्प इनोवेशन है। 2007 में इस आइडिया को खारिज कर दिया गया था, लेकिन इसके 10 साल बाद इसे शुरू किया जाना ही इसकी अहमियत जाहिर कर देता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तब से त्त्ह्वड्डस्र ही रणनीतिक अजेंडा तय करता आया है। इसलिए इसके आलोचकों और चीन को भी अहसास है कि अगर यह मंच न बनता तो इस जैसा कोई और प्लैटफॉर्म जरूर बनता।

## हास्य-व्यंग्य

**आलोक पुराणिक**

# फेसबुक पर बर्थ डे...

**दुनिया** भ्रम है, कन्फ्यूजन है, उस पर फेसबुक। कन्फ्यूजन का करेला, वो भी फेसबुक चढ़ा। फेसबुक के बंदे बर्थडे विशेज की तादाद से खुद को सिलेब्रिटी मानने लगते हैं। जिन्हें उनके घर वाले तक बर्थडे विश ना करें, उन्हें फेसबुक पर बहुत बहूत बर्थडे विश मिल जाती हैं। मेरी मां अक्सर गुस्से में मेरे बारे में जो विचार प्रस्तुत करती हैं, उनका आशय ये होता है कि हाय किस कुघड़ी में ऐसा लड़का पैदा हुआ, ब्रह्मांड का सबसे नालायक बच्चा। पर जी फेसबुक पर जन्मदिन पर झमाझम विशेज बरसती हैं।

बर्थडे विशेज पर सोचिए, तो लगता है कि जिसकी बर्थडे हो, उसे विश करने का कोई लॉजिक नहीं बनता। अबे तू पैदा हो गया, तो इसमें तेरा क्या योगदान, तेरी क्या महानता। बंदा ठीक-ठाक सा निकल जाए तो उसके पैरेंट्स को उसका बर्थडे विश कर दिया जाए।

अब दिल पे हाथ रखके सोचिए, मल्टी करोड़ घोटालावान नेताओं को पैदा होने के लिए हैपी बर्थडे विश किया जाए, या इनके बर्थडे पर हाहाकार समारोह मनाया जाए। हाय तुम दुनिया में आए, घोटालों के नए ढंग सिखाए।

फेसबुक वालों को बर्थडे विश भीख सी मिलती है, तकनीक कुछ ऐसी बनाई गई है कि बंदे की बर्थडे के कुछ दिन पहले उसके दसियों, सैकड़ों हजारों मित्रों को बताया जाता है कि आपके यह मित्र इस दिन पैदा हो गया था, साथ के लिंक पर क्लिक करके फौरन से बर्थडे विश कीजिए।

शर्म, तमीज के तकाजे, बंदा फौरन क्लिक कर देता है, बर्थडे बॉय और बर्थडे गर्ल पर बर्थडे विश पहुंच जाती है। वो खुद को सिलेब्रिटी समझता फूला-फूला बताता है कि शाम तक हजार बंदों की बर्थडे विश आ गई। अबे बर्थडे विश से कुछ होने का अंदाज ना लगा, बर्थडे विश तो राहुल गांधी नरेंद्र मोदी को भी दे सकते हैं।

साधो, ये जग माया है और फेसबुक का जग तो महामाया, यहां की बर्थडे विश को फेसबुक चढ़ा कन्फ्यूजन मानो, बस।

# हैदराबाद एफसी के खिलाफ जीत का सिलसिला जारी रखने के लिए खेलेगी चेन्नइयन एफसी

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद एफसी और चेन्नइयन एफसी के बीच मंगलवार, 1 अक्टूबर को शाम 7:30 बजे (भारतीय समयानुसार) गाचीबोवली स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के मैचवीक 4 की शुरुआत होगी।

हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले मैच पंजाब एफसी के खिलाफ 0-2 से हारने से पहले जुझारूपन दिखाया था, जबकि चेन्नइयन एफसी पिछले गुरुवार को मोहम्मडन एससी से 0-1 से हार गई थी।

**चेन्नइयन एफसी के खिलाफ हैदराबाद एफसी की सुदृढ़ डिफेंस:** चेन्नइयन एफसी के खिलाफ हैदराबाद एफसी रक्षात्मक रूप से सुदृढ़ रही है। उसने चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपने पिछले आठ आईएसएल मैचों में से प्रत्येक में एक या उससे कम गोल खाए हैं। इस दौरान उसने चार मैच जीते हैं और केवल दो हारे हैं।

**चेन्नइयन एफसी का अवे मैचों में गोल करने का सिलसिला:** चेन्नइयन एफसी ने अपने पिछले चार अवे मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। इससे पता चलता है कि वे हैदराबाद एफसी की बैकलाइन की परीक्षा लेंगे।

**मेरी इच्छा चेन्नइयन एफसी को फिर से हराना है:** हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंटो पिछले सीजन से प्रेरणा ले रहे हैं, जब उनकी टीम ने चेन्नइयन एफसी को हराया था।





सिंटो ने कहा, 'ट्रेनिंग के पिछले कुछ हफ्तों में लड़के एक-दूसरे के साथ घुलमिल गए हैं। हमने अब तक केवल अवे मैच खेले हैं और हमारा अगला मुकाबला घर पर होगा। चेन्नइयन एफसी एकमात्र टीम थी जिसे हमने पिछले सीजन में हराया था। क्या हम उसे फिर से हराएंगे? मैं यही चाहता हूं।'

**'हमें जल्दी वापसी करनी होगी':** चेन्नइयन एफसी के स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल के अनुसार टीम ने इस बार पिछले सीजन से बेहतर शुरुआत की है, लेकिन अभी भी सुधार की काफी गुंजाइश है।

कॉयल ने कहा, 'मैं निश्चित रूप से छह अंकों के साथ तालिका में आगे बढ़ना पसंद करूंगा। हमारे पास तीन हैं, जो पिछले साल की तुलना में बेहतर है लेकिन हम छह अंकों तक पहुंच सकते थे।'

**हेड-टू-हेड:** हैदराबाद एफसी और चेन्नइयन एफसी के बीच आईएसएल में 10 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से दोनों ने चार-चार जीत हासिल की हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं।

**प्रमुख खिलाड़ी और उपलब्धियां:** ☞ चेन्नइयन एफसी के फारुख चौधरी ने आईएसएल 2024-25 में बॉक्स के अंदर से आठ शॉट लगाए हैं। हैदराबाद एफसी के अब्दुल रबीह ने 2024 की शुरुआत से आईएसएल में विपक्षी टीम के बॉक्स के अंदर 50 टच लिये हैं। चेन्नइयन एफसी के डेनियल चीमा चुक्कू ने पिछले सीजन में हैदराबाद एफसी के खिलाफ हैट्रिक लगाई थी और आईएसएल में टीम के खिलाफ कुल पांच गोल किए हैं। हैदराबाद एफसी के रामलुंचुंगा ने इस कैलेंडर वर्ष में लीग में 15 गोल करने के अवसर बनाए हैं।

**आईएसएल फैंटेसी:** फारुख चौधरी (6.1 करोड़) वह आईएसएल 2024-25 में अब तक 14 फैंटेसी अंक पा चुके हैं।

लेनी रोड्रिग्स (5.5 करोड़): उन्होंने इस सीजन में नौ आईएसएल फैंटेसी अंक अर्जित किए हैं।

इंडियन सुपर लीग का लाइव स्ट्रीम जियोसिनेमा (अंग्रेजी, हिंदी, बंगाली और मलयालम) पर मुफ्त में किया जाएगा और स्पोर्ट्स18 - 3 (अंग्रेजी, हिंदी, बंगाली और मलयालम), एशियानेट प्लस (मलयालम) पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा स्पोर्ट्स 18 - 1, स्पोर्ट्स 18 - 2 और स्पोर्ट्स 18 - खेल भी चुनिंदा आईएसएल मैचों का सीधा प्रसारण करेंगे।

## व्यापार समाचार

# एक्सिस बैंक ने भारत में ई-मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए मुथूट कैपिटल को 1 बिलियन रुपये का ऋण दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने प्राइवेट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ग्रुप (पीआईडीजी) की शाखा गारंटको के साथ साझेदारी में भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाली एनबीएफसी में से एक मुथूट कैपिटल को 1 बिलियन रुपये (लगभग 12 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर) की गारंटी दी है। इससे मुथूट कैपिटल को भारत के ग्रामीण और गैर-मेट्रो क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने के लिए ग्राहकों को ऋण देने में मदद मिलेगी।

गारंटको ने इस लेन-देन के लिए एक्सिस बैंक को 65 प्रतिशत ऑन-डिमांड क्रेडिट गारंटी प्रदान की है, जो गारंटको और एक्सिस बैंक द्वारा हस्ताक्षरित 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर वाले इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) फ्रेमवर्क समझौते का हिस्सा है। यह ढांचा भारत में ई-मोबिलिटी इकोसिस्टम को फाइनेंस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 300 से 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर (भारतीय रुपये के बराबर) के बीच धन जुटाने में सक्षम बनाने के लिए स्थापित किया गया था।

मुथूट कैपिटल के साथ यह सहयोग विशेष रूप से ग्रामीण और गैर-मेट्रो क्षेत्रों को परिवहन समाधान प्रदान करने पर केंद्रित होगा, जिसमें मुख्य रूप से निम्न आय वर्ग की आबादी शामिल है, जिन्हें अब तक इस दिशा में बहुत कम सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस लेन-देन से भारतीय कंपनियों को लाभ होगा जो 0.8 बिलियन रुपये (लगभग 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक के साथ ईवी इकोसिस्टम के भीतर काम कर रही हैं और उम्मीद है कि इससे सप्लाई चेन में काम करने वाले स्थानीय व्यवसायों जैसे उपकरण निर्माता, वाहन डीलर और बीमाकर्ताओं को भी फायदा होगा।

1 बिलियन रुपये के ईवी लेन-देन से इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहन प्रावधान में वृद्धि होगी, जो एसडीजी 9.4 (संसाधन-उपयोग दक्षता में वृद्धि और स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल टैक्नोलॉजी को अधिक अपनाने के साथ उन्हें सस्टेनेबल बनाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और रेट्रोफिट उद्योगों को अपग्रेड करना) और एसडीजी 11.2 (सभी के लिए सुरक्षित, सस्ती, सुलभ और टिकाऊ परिवहन प्रणालियों तक पहुंच प्रदान करना) में योगदान देगा।

यह ईवी फ्रेमवर्क समझौते के तहत गारंटको और एक्सिस बैंक का तीसरा ट्रांजेक्शन है। दिसंबर 2023 में, इसने सबसे पहले भारत के ई-मोबिलिटी इकोसिस्टम में कंपनी की विस्तार रणनीति को आगे बढ़ाने के लिए विवृति कैपिटल को 2.5 बिलियन रुपये (लगभग 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का ऋण दिया था, और बाद में भारत में कम प्रदूषण वाली टैक्सियों के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली इलेक्ट्रिक कारों की खरीद के लिए एवरेस्ट फ्लीट को 1 बिलियन रुपये (लगभग 12 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का ऋण दिया।

एक्सिस बैंक के डेप्यूटी मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव आनंद ने कहा, ''एक्सिस बैंक भारत में ई-मोबिलिटी उद्योग के विकास को सपोर्ट करने और उसे गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। देश के अग्रणी बैंकों में से एक के रूप में, हम ऐसी पहल करने के लिए समर्पित हैं जो पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों पर सकारात्मक प्रभाव पैदा करती हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने को बढ़ावा देकर, हम उत्सर्जन को कम करने, वायु गुणवत्ता को बढ़ाने और देश भर में किफायती और सुलभ परिवहन समाधान प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। हमने ईवी डीलरों, निर्माताओं और अन्य कंपनियों के साथ अपनी साझेदारी और जुड़ाव को सक्रिय रूप से बढ़ाया है और आगे भी ऐसा करना जारी रखेंगे। यह सहयोग न केवल भारत में ग्रीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास का समर्थन करता है, बल्कि एक समावेशी भविष्य को बढ़ावा देने के हमारे व्यापक दृष्टिकोण के साथ भी मेल खाता है, जहां सस्टेनेबल प्रथाओं को अपनाने से समाज के सभी वर्गों को लाभ होगा।''

मुथूट कैपिटल के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर मैथ्यूज मार्कोस ने कहा, ''गारंटको के साथ साझेदारी हमारे देश में विशेष रूप से ग्रामीण और अर्ध-शहरी बाजारों में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और परिवहन संबंधी सस्टेनेबल सॉल्यूशंस को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस फंडिंग के जरिये मुथूट कैपिटल को अपने उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिए उनकी जरूरत के अनुसार फाइनेंस संबंधी विकल्प उपलब्ध कराने में आसानी होगी। इस तरह इलेक्ट्रिक वाहनों को अधिक सुलभ और किफ़ायती बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ा जा सकेगा। हम आम आदमी को किफ़ायती और सुविधाजनक तरीके से अपना खुद का दोपहिया वाहन रखने में सक्षम बनाने की आशा करते हैं। यह वित्त वर्ष 25 के दौरान ईवी को 200 करोड़ तक बढ़ाने के हमारे निर्धारित उद्देश्य को और रफ्तार प्रदान करेगा।''

गारंटको के सीईओ लेथ अल-फलाकी ने कहा, ''हम मई 2022 में एक्सिस बैंक के साथ हस्ताक्षरित इलेक्ट्रिक वाहन फ्रेमवर्क गारंटी समझौते के तहत मुथूट कैपिटल के साथ इस ट्रांजेक्शन को पूरा करके खुश हैं। यह तीसरा ट्रांजेक्शन है जिसे हमने समझौते के तहत पूरा किया है, जो विवृति कैपिटल और एवरेस्ट फ्लीट के साथ किए गए ट्रांजेक्शन के बाद अब कुल 4.5 बिलियन रुपये (लगभग 54 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के बराबर है। यह फ्रेमवर्क के तहत पहला ट्रांजेक्शन भी है जो क्रेडिट के प्रावधान के माध्यम से ईवी व्यवसाय के मांग पक्ष को कवर करेगा, ताकि ग्राहक इलेक्ट्रिक वाहन खरीद सकें।

इसके अलावा, ट्रांजेक्शन से बाजार में बदलाव होने की उम्मीद है जिससे हमें उम्मीद है कि यह भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को और बढ़ावा देने में मदद करेगा। प्राइवेट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ग्रुप (पीआईडीजी) के हिस्से गारंटको की कोशिश है कि भारत में ई-मोबिलिटी से संबंधित ईको सिस्टम को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। साथ ही हम पीआईडीजी 2030 स्ट्रेटेजी के अनुरूप हमारे जलवायु कार्रवाई लक्ष्यों को पूरा करने के लिए एक्सिस बैंक के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।'

# जावा येजडी मोटरसाइकिल्स ने भारत में ऑनलाइन मोटरसाइकिल खरीदारी को बढ़ाने के लिए फ्लिपकार्ट के साथ साझेदारी की

**पुणे, एजेंसी।** जावा येजडी मोटरसाइकिल्स ने फ्लिपकार्ट के साथ सहयोग की घोषणा की है, जो भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल बाजार में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह साझेदारी जावा येजडी को फ्लिपकार्ट के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों की पेशकश करने वाली पहली प्रीमियम मोटरसाइकिल निर्माता बनाती है, जिसका लक्ष्य देश भर में उत्साही लोगों के हाई-एंड मोटरसाइकिलों तक पहुंचने और उन्हें खरीदने के तरीके में सुधार करना है।

यह सहयोग जावा येजडी मोटरसाइकिल्स की डिजिटल रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने और इसकी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज की पहुंच बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 500 मिलियन से अधिक यूजर्स के साथ फ्लिपकार्ट के प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके, जावा येजडी मोटरसाइकिलें ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचेंगी, जिससे भारत के विभिन्न हिस्सों के मोटरसाइकिल उत्साही लोगों को प्रदर्शन-क्लासिक बाइक की अपनी श्रृंखला का पता लगाने, तुलना करने और चुनने की सुविधा मिलेगी।

क्लासिक लीजेंड्स के सीईओ आशीष सिंह जोशी ने साझेदारी पर कहा, फ्लिपकार्ट के साथ हमारा सहयोग प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जावा और येजडी मोटरसाइकिलों को फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर लाकर, हम पूरे भारत में उत्साही लोगों के लिए खोज और खरीद अनुभव को बढ़ा रहे हैं। यह साझेदारी ग्राहकों को हमारे संपूर्ण रेंज का पता लगाने, मॉडलों की तुलना करने और हमारी बाइक की अनूठी विरासत और प्रदर्शन को समझने की अनुमति देती है, वह भी अपने घर बैठे आराम से। हम सिर्फ ऑनलाइन मोटरसाइकिलें नहीं बेच रहे हैं। हम जावा और येजडी जीवनशैली के लिए प्रवेश द्वार की पेशकश कर रहे हैं। यह सहयोग दिलचस्पी से ओनरशिप तक की यात्रा को सुव्यवस्थित करता है, जिससे राइडर्स के लिए हमारे ब्रांडों के साथ जुड़ना अधिक सुविधाजनक हो जाता है। यह उस प्रीमियम टच को बनाए रखते हुए शोरूम के अनुभव को ऑनलाइन लाने के बारे में है जिसकी हमारे ग्राहक अपेक्षा करते हैं।

फ्लिपकार्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट के वाइस प्रेसीडेंट जगजीत हारोडे ने कहा, जावा येजडी मोटरसाइकिल्स के साथ यह साझेदारी प्रीमियम उत्पादों को ऑनलाइन खोजने और खरीदने के तरीके में क्रांति लाने की फ्लिपकार्ट की अद्वितीय क्षमता को दिखाती है। हमारा प्लेटफ़ॉर्म इस सहयोग में कई प्रमुख लाभ लाता है। सबसे पहले, हमारा एआई-संचालित रिकमेंडेशन इंजन उत्साही लोगों को उनकी प्राथमिकताओं और सवारी शैली के आधार पर उनकी आदर्श जावा या येजडी मोटरसाइकिल से मिलाने में मदद करेगा। दूसरा, हमारा निर्बाध इंटरफ़ेस ग्राहकों को मॉडलों की एक-दूसरे से तुलना करने, प्रामाणिक यूजर्स समीक्षाएं पढ़ने और जानकारी भरा निर्णय लेने की अनुमति देता है। इसके अतिरिक्त, हम जावा येजडी डीलरशिप पर ऑनलाइन बुकिंग और ऑफलाइन डिलीवरी के बीच सुचारू समन्वय सुनिश्चित करने के लिए अपने व्यापक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का लाभ उठा रहे हैं। यह सहयोग न केवल हमारी प्रीमियम पेशकशों का विस्तार करता है बल्कि यह भी दर्शाता है कि कैसे फ्लिपकार्ट की तकनीक और पहुंच हाई-एंड मोटरसाइकिल जैसे विशेष सेगमेंट के लिए नए रास्ते खोल सकती है।

**ग्राहक के लिए इस साझेदारी का क्या मतलब है:** यह सहयोग मोटरसाइकिल उत्साही लोगों को कई लाभ प्रदान करता है, जिससे वे प्रीमियम मोटरसाइकिलों तक पहुंचने और खरीदने का तरीका बदल सकते हैं।

-**बेहतर पहुंच:** ग्राहक अब घर से जावा और येजडी मोटरसाइकिलों की पूरी श्रृंखला का पता लगा सकते हैं, जिससे ये लोकप्रिय बाइक पूरे भारत में उत्साही लोगों के लिए अधिक सुलभ हो जाएंगी।

-**जानकारी भरा निर्णय:** प्लेटफ़ॉर्म पर ग्राहक आसानी से मॉडलों की तुलना करके सत्यापित समीक्षाएं पढ़ सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी जरूरत के लिए सर्वोत्तम बाइक चुनने के लिए व्यापक जानकारी मिलती है।

-**फाइनेंशियल विकल्प:** साझेदारी आकर्षक फाइनेंशियल सोल्यूशंस प्रदान करती है, जिसमें नो-कॉस्ट ईएमआई, अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें (बीएनपीएल) स्कीम और बिना डाउन पेमेंट वाली ईएमआई स्कीम शामिल हैं, जो प्रीमियम मोटरसाइकिलों को अधिक किफायती बनाती हैं।

-**लागत बचत:** ग्राहक चुने गए मॉडलों पर 22,500 रुपये का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसमें फ्लिपकार्ट एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड का उपयोग करके किए गए लेनदेन पर अतिरिक्त कैशबैक शामिल है, जो खरीदारों के लिए अच्छा मूल्य प्रदान करता है।

-**सुव्यवस्थित खरीद प्रक्रिया:** खरीद प्रक्रिया आवश्यक ऑफ़लाइन चरणों के साथ ऑनलाइन सुविधा को जोड़ती है। मोटरसाइकिल की ऑनलाइन बुकिंग करने के बाद, ग्राहक आरटीओ पंजीकरण, बीमा और टैक्स जैसे जरूरी कार्यों को पूरा करने के लिए अपने डीलरशिप पर जाते हैं, जिससे चुनने से लेकर ओनरशिप तक एक सुचारु परिवर्तन सुनिश्चित होता है।

यह दृष्टिकोण खरीद प्रक्रिया को सरल बनाता है और ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों के लिए प्रीमियम मोटरसाइकिल पेश करता है, जिससे अधिक उत्साही लोगों को जावा या येजडी मोटरसाइकिल खरीदने की अनुमति मिलती है।

जावा येजडी मोटरसाइकिल के लिए, यह सहयोग फ्लिपकार्ट की बढ़ती बाइक श्रेणी में शुरुआती लाभ हासिल करने के लिए एक रणनीतिक कदम है। साझेदारी से विजिबिलिटी बढ़ने की उम्मीद है, खासकर बिग बिलियन डे जैसे फ्लिपकार्ट के प्रमुख बिक्री कार्यक्रमों के दौरान, मांग बढ़ेगी और विविध यूजर्स आधार में ब्रांड जागरूकता का विस्तार होगा।

# भारत पेट्रोलियम ने दक्षता के नए मानक स्थापित करने वाले अनोखे भारत हाई-स्टार पीएनजी स्टोव का किया अनावरण

**मुंबई, एजेंसी।** 'महारत्न' और फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनी, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने आज अपना उच्च दक्षता वाला भारत हाई-स्टार पीएनजी स्टोव लॉन्च किया।

यह दुनिया का सबसे दक्ष पीएनजी स्टोव होगा और पारंपरिक स्टोव की तुलना में पीएनजी की खपत को 20-25% तक कम करेगा। भारत हाई-स्टार पीएनजी स्टोव की उच्च दक्षता से प्राकृतिक गैस के आयात में काफी कम होगी, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी। इसके अलावा, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से बना यह स्टोव कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम कर नेट-ज़ीरो लक्ष्यों को हासिल करने में भी उल्लेखनीय योगदान देगा।

भारत हाई-स्टार पीएनजी स्टोव 74% से अधिक की उच्च ताप दक्षता (थर्मल एफिशिएंसी) के साथ आता है और इस तरह यह बाज़ार में उपलब्ध स्टोव की तुलना में 10-15% अधिक दक्ष है। इस स्टोव को बीपीसीएल के कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास केंद्र (सीआरडीसी) द्वारा विकसित अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से उच्च थर्मल एफिशिएंसी के लिए तैयार किया गया है, जो ग्राहकों को बेहतर मूल्य प्रदान करता है।

चंद्रशेखर एन, प्रमुख (अनुसंधान एवं विकास) ने कहा, सीआरडीसी ने नयी टेक्नोलॉजी के निरंतर विकास के साथ हमेशा शीर्ष-स्तरीय उत्पाद, बेहतर प्रक्रिया और अनोखी बारीकी वाले उपकरण पेश किए हैं।

सीआरडीसी ने इस विरासत को ध्यान में रखते हुए बर्नर टॉप, मिक्सिंग ट्यूब और पैन सपोर्ट सहित सभी महत्वपूर्ण कल-पुर्ज़े के डिज़ाइन पर ध्यान दिया है और उसे ज़रूरत के अनुरूप बनाया है। इस तरह यह भारत हाई-स्टार पीएनजी स्टोव, 74% की अभूतपूर्व दक्षता प्रदर्शित करता है, जो सीआरडीसी, बीपीसीएल का एक और स्वदेशी उत्पाद है। हम, एक टीम के रूप में, आने वाले दिनों में कंपनी के निरंतर विकास और देश को लाभान्वित करने के लिए सभी नए आयाम तलाशने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अक्षय वाधवा, व्यवसाय प्रमुख (गैस) ने कहा, फिलहाल देश में पीएनजी कनेक्शन की संख्या 1.4 करोड़ है, जिसके 2030 तक लगभग 8 गुना बढ़ने की उम्मीद है। बीपीसीएल अपने पीएनजी नेटवर्क का तेज़ी से विस्तार कर रही है और 1 करोड़ से अधिक घरों में पीएनजी उपलब्ध कराना चाहती है, ताकि गैस आधारित अर्थव्यवस्था में बदलाव के लिहाज़ से उल्लेखनीय योगदान मिल सके। हम अपने वितरण नेटवर्क के ज़रिये देश भर में बेहद दक्ष, भारत हाई-स्टार पीएनजी स्टोव के इस नवोन्मेष को उपलब्ध कराना चाहते हैं।

एलपीजी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा, भारत हाई-स्टार पीएनजी स्टोव को बियॉन्ड एलपीजी परियोजना के तहत पेश किया जाएगा। इस उत्पाद के 4 वैरिएंट है, जिनमें 2 बर्नर स्टेनलेस स्टिल, 2 बर्नर ग्लास टॉप, 3 बर्नर ग्लास टॉप और 4 बर्नर ग्लास टॉप शामिल हैं। यह देश के गैस जीए में चुनिंदा भारतगैस के वितरकों के पास उपलब्ध होगा।

कंपनी ने स्टोव के लिए भारतीय पेटेंट कार्यालय में पेटेंट हासिल करने के लिए आवेदन किया है। आम तौर पर घरों में सालाना औसतन 180 - 200 एससीएम प्राकृतिक गैस की खपत होती है। दक्षता (एफिशिएंसी) में 15% की वृद्धि से हर साला 30 एससीएम गैस की बचत होगी, जिसका अर्थ है लगभग 1500 - 2000 रुपये प्रति घर की मौद्रिक बचत होगी और साथ ही गैस के कम उपयोग से उतनी ही मात्रा में कम्बशन (दहन) से होने वाले कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। पुराने स्टोव को बदलने पर अधिक लाभ होगा।

भारत के गैस आधारित अर्थव्यवस्था बन जाने का अनुमान है। भारत के ऊर्जा संसाधनों में प्राकृतिक गैस का योगदान 2030 तक बढ़ जाएगा 15% हो जाएगा जो फिलहाल 6% है। मात्रा के लिहाज़ से, प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक लगभग तीन गुना बढ़कर 450 एमएमएससीएमडी हो जाएगी जो फिलहाल वर्तमान 175 एमएमएससीएमडी है।

बीपीसीएल ने वाणिज्यिक विनिर्माण के लिए मेसर्स स्टुफा मैन्युफैक्चरिंग एंटरप्राइज (सूर्याफ्लेम) के साथ टेक्नोलॉजी लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर किया है और यह उत्पाद आपके निकटतम भारतगैस वितरक के पास उपलब्ध होगा।

सीआरडीसी उन्नत अनुसंधान क्षेत्रों जैसे कच्चे तेल का मूल्यांकन (इवैल्यूएशन), तेल शोधन उत्प्रेरक विकास (ऑइल रिफाइनिंग कैटेलिस्ट डेवलपमेंट), पर्यावरण के अनुकूल स्नेहक (लुब्रिकेंट), प्रोसेस सिमुलेशन और मॉडलिंग, जंग-रोधी अनुसंधान, बिटुमेन-संबंधी क्षेत्र, नई ऊर्जा-कुशल टेक्नोलॉजी, वैकल्पिक ऊर्जा, जैव ईंधन (बायोफ्यूल), विशिष्ट पॉलिमर और पेट्रोकेमिकल्स, उत्पाद विकास आदि क्षेत्रों में सक्रिय है। भारत पेट्रोलियम वहनीयता को लेकर बेहद सजग है और स्वच्छ तथा कार्बन न्यूट्रल ऊर्जा को तेज़ी से अपनाने के लिए सीआरडीसी के पास जैव ईंधन, सौर, हाइड्रोजन और कार्बन कैप्चर से जुड़े व्यापक कार्यक्रम हैं।

# सोनी इंडिया ने ब्रेविया टेलीविज़न के लिए पेश किया 'सिनेमा इज़ कमिंग होम' कॉन्सेप्ट, जो मशहूर फिल्म निर्माता, एस.एस. राजामौली की सिनेमाई दृष्टिकोण से प्रेरित है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोनी इंडिया ने सिनेमा इज़ कमिंग होम कॉन्सेप्ट की शुरुआत के साथ होम एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक मोड़ लाने की घोषणा की है। इस नवोन्मेषी अवधारणा को उपभोक्ताओं को घर पर सिनेमा का आनंद लेने के तरीके को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है, जिसमें सोनी की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को एक समृद्ध सिनेमाई अनुभव के साथ जोड़ा गया है। मशहूर फिल्म निर्माता, श्री एस.एस. राजामौली के समर्थन के साथ, यह पेशकश भारत में लोगों के घर पर फिल्म देखने के अनुभव में आमूल बदलाव लाएगा।

1. ब्रेविया 'सिनेमा इज़ कमिंग होम' घर पर एक सहज, इमर्सिव मूवी अनुभव प्रदान करता है। पेशेवर तरीके से फिल्म बनाने के उपकरण विकास के साथ-साथ फिल्म निर्माण और वितरण केंद्र में दशकों के संचालन के बाद, सोनी अब एक शानदार स्थिति में है, जो इसे अपने अग्रणी ब्रेविया टेलीविज़न और ब्रेविया थिएटर होम ऑडियो डिवाइस के साथ अपने बेजोड़ फिल्म उद्योग, पेशेवर उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स अनुभव का उपयोग करने में मदद करता है ताकि सिनेमाई अनुभव को सहज बनाया जा सके।

'सिनेमा इज़ कमिंग होम' कॉन्सेप्ट सिर्फ उत्पाद लॉन्च नहीं है, बल्कि फिल्म प्रेमियों के लिए जीवनशैली में बदलाव जैसा है, जो उन्हें अपने घर में आराम से सिनेमा जैसा अनुभव हासिल करने में मदद करता है। यह कॉन्सेप्ट तीन प्रमुख कारणों से महत्वपूर्ण है और पहली चीज़ है, सिनेमैटिक पिक्चर और साउंड। ब्रेविया टेलीविज़न में एडवांस्ड पिक्चर और ऑडियो टेक्नोलॉजी की बदौलत, अब हम एक जीवंतता और इमर्शन की भावना व्यक्त करने में सक्षम हैं, जो पारंपरिक टेलीविज़न से संभव नहीं है। दूसरी चीज़ है, स्टूडियो कैलिब्रेशन जिसके तहत नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो और सोनी पिक्चर्स कोर के साथ गठजोड़ कर हम उनके निर्माताओं के अनुरूप पिक्चर क्वालिटी प्रदान करते हैं। तीसरी विशेषता है, उच्च गुणवत्ता वाली फिल्म का अनुभव, जिसके तहत ब्रेविया ने आईमैक्स एन्हांस्ड और डॉल्बी विज़न और एटमॉस जैसी सिनेमा से जुड़ी टेक्नोलॉजी को शामिल किया है। सोनी इंडिया के प्रबंध निदेशक, सुनील नैयर ने कहा, सिनेमा इज़ कमिंग होम% के साथ, हम फिल्म निर्माता के विज़न को यथासंभव प्रामाणिक तरीके से जीवंत कर रहे हैं। हमारे ब्रेविया उत्पाद बेहतरीन सिनेमा का अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जो शानदार पिक्चर क्वालिटी के साथ इमर्सिव साउंड को जोड़ते हैं और फिल्म प्रेमियों को सिनेमा देखने का अपूर्व आनंद प्रदान करते है।

**2. श्री एस.एस. राजामौली ने घर बैठे फिल्म देखने के शानदार अनुभव के लिए सोनी के सिनेमा इज कमिंग होम कॉन्सेप्ट की वकालत की:** जाने-माने फिल्म निर्माता, श्री एस.एस. राजामौली ने सोनी के 'सिनेमा इज कमिंग होम' कॉन्सेप्ट की वकालत की और फिल्म प्रेमियों को सिनेमा देखने का शानदार अनुभव प्रदान करने में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। सोनी इंडिया के साथ साझेदारी करते हुए, श्री राजामौली ने फिल्मों को अपने वास्तविक रूप में देखने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया और कहा कि ब्राविया टेलीविजन दर्शकों को अपने लिविंग रूम से सिनेमा के जादू और भावना से पूरी तरह जुड़ने में मदद करता है। बेहतरीन पिक्चर क्वालिटी और इमर्सिव साउंड के साथ, सोनी के बेहतरीन उत्पाद, फिल्म निर्माता के विज़न को जीवंत करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं, जो दर्शकों को उनकी पसंदीदा फिल्मों से जुड़ने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाते हैं और हर घर को सिनेमाई स्वर्ग में बदल देते हैं।

मशहूर फिल्म निर्माता, एस.एस. राजामौली ने कहा, मैं पूरे दिल से सोनी के 'सिनेमा इज कमिंग होम' कॉन्सेप्ट का समर्थन करता हूं, क्योंकि यह एक फिल्म निर्माता के रूप में मेरे विज़न से मेल खाता है। यह कॉन्सेप्ट घर पर देखने के अनुभव को पुनर्परिभाषित करता है, जिससे दर्शक सिनेमा के प्रामाणिक सार में खुद को पूरी तरह से डुबो सकते हैं। नई ब्रेविया सीरीज़ के साथ, दर्शक शानदार पिक्चर क्वालिटी और इमर्सिव साउंड का आनंद ले सकते हैं, जिससे उनका लिविंग रूम सचमुच के सिनेमाघर में बदल जाएगा। यह सिर्फ फिल्म देखने की बात नहीं है बल्कि यह घर के आराम से कहानी के जादू और उसकी मूल भावना डूबने का अनुभव कर पाने की संभावना से जुड़ा है।

# वोडाफोन आइडिया ने नोकिया नेटगार्ड एंडपॉइन्ट डिटेक्शन एण्ड रिस्पॉन्स के साथ अपने भारतीय नेटवर्क की सुरक्षा को बनाया मजबूत

**फिनलैण्ड, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े टेल्को ऑपरेटर्स में से एक वोडाफोन आइडिया ने अपने ग्राहकों एवं एंटरप्राइज़ उपभोक्ताओं के लिए साइबर खतरे एवं सुरक्षा संबंधी संवेदनशीलताओं के खिलाफ नेटवर्क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए नोकिया नेटगार्ड एंडपॉइन्ट डिटेक्शन एण्ड रिस्पॉन्स (ईडीआर) के साथ हाथ मिलाया है।

खासतौर पर टेल्को के लिए पेश किया गया थ्रेट डिटेक्शन स्यूट नेटगार्ड ईडीआर, वोडाफोन आइडिया को रियल-टाईम ऑटोमेटेड मॉनिटरिंग उपलब्ध कराएगा, जिससे एंडपॉइन्ट-संबंधित सुरक्षा की घटनाओं को जल्द से जल्द पहचानने और कम करने में मदद मिलेगी। इससे सुरक्षा संबंधी खामियों को दूर किया जा सकेगा, टेस्टिंग की आवश्यकता कम हो जाएगी, साथ ही पूरे ऑपरेशनल टेक्नोलॉजी नेटवर्क में सुरक्षित एंडपॉइन्ट्स के परफोर्मेन्स एवं सेवाओं की सतत उपलब्धता को बनाए रखते हुए संचालन की लागत को अनुकूलित किया जा सकेगा।

नेटगार्ड ईडीआर- की वेंडर-एग्नॉस्टिक क्षमता, वोडाफोन आइडिया के मौजूदा सुरक्षा उपकरणों एवं प्रक्रियाओं के साथ मिलकर ऑपरेटर की नेटवर्क सुरक्षा तथा वोडाफोन आइडिया के आधुनिक सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर को सशक्त बनाएगी।

शुरूआत में यह तैनाती वोडाफोन आइडिया के 4त्न नेटवर्क को कवर करेगी, धीरे-धीरे ऑपरेटर के 5त्न नेटवर्क को भी कवर किया जाएगा।

जगबीर सिंह, चीफ़ टेक्नोलॉजी ऑफिसर (सीटीओ), वोडाफोन आइडिया ने कहा, ''वोडाफोन आइडिया नेटवर्क विस्तार के अगले चरण के लिए प्रतिबद्ध है और सुनिश्चित करती है कि हमारे आधुनिक समाधान उपभोक्ताओं को बेजोड़ कनेक्टिविटी और सुरक्षा प्रदान करें। हम नोकिया के साथ इस यात्रा की शुरूआत करने जा रहे हैं, हम ऐसे नेटवर्क के निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करेंगे जो उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को पूरा करने, तथा डिजिटल रूपान्तरण के साथ सुरक्षा संबंधी जोखिमों को हल करने में भी सक्षम हो।'

मथन बाबु कसिलिंगम, चीफ़ इन्फोर्मेशन सिक्योरिटी ऑफिसर एवं डेटा प्राइवेसी ऑफिसर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, ''साइबर खतरों की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए वोडाफोन आइडिया अपने उपभोक्ताओं के लिए टेलीकॉम संबंधी सुरक्षा और प्रबधन प्रणाली की पहचान को प्राथमिकता देती है। नोकिया नेटगार्ड ईडीएस इस दिशा में हमारी क्षमता को बढ़ाने और हमारे उपभोक्ताओं को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम है।''

अरविंद खुराना, इंडिया मार्केट लीडर, क्लाउड एण्ड नेटवर्क सर्विसेज़, नोकिया ने कहा, ''नेटगार्ड ईडीआर, वोडाफोन आइडिया को साइबर खतरों से आधुनिक सुरक्षा और प्रतिक्रिया क्षमता प्रदान करेगा, जो साइबर खतरों की बढ़ती संभावना को देखने के लिए ज़रूरी है। सहज इंटीग्रेशन एवं रियल-टाईम मॉनिटरिंग के साथ नेटगार्ड ईडीआर ऑपरेटर की ओटी संरचना को सशक्त बनाकर टेलीकॉम नेटवर्क को सुरक्षित रखने और सेवाओं की निरंतरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।'

# विदेश में करना चाहते हैं जॉब
## तो इंजीनियरिंग की इस ब्रांच का कोर्स कर लें

### सैलरी सुनकर होश उड़ जाएंगे



**अगर** आप भी अपना करियर इंजीनियरिंग में बनाना चाहते हैं तो पहले जान लें सबसे बेस्ट इंजीनियरिंग ब्रांच के बारे में। इंजीनियरिंग की इस ब्रांच में कोर्स करते हैं तो आपको विदेश में जानें का सुनहरा मौका मिलेगा। मिलती हैं लाखों में सैलरी। गर आप भी विदेश में इंजीनियरिंग की जॉब करना चाहते हैं। तो जान लें कौन-सी ब्रांच में कोर्स करना चाहिए। आजकल ज्यादातर लोगों की पसंद इंजीनियर बनना होता है। अगर आप भी करियर में इंजीनियरिंग बनने का सपना देख रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है।

विदेश की टॉप कंपनियों में काम करने के लिए हर किसी का एक ड्रीम होता है। अगर आप भी विदेश में इंजीनियरिंग की जॉब करना चाहते हैं। तो जान लें कौन-सी ब्रांच में कोर्स करना चाहिए।

#### विदेश में मिलती है जॉब

अगर आप इंजीनियरिंग करना चाहते हैं तो आपको बता दें कि कॉलेज के कैंपस प्लेसमेंट में मल्टी नेशनल कंपनियां भी हिस्सा लेती हैं। विदेश में जॉब करने की इच्छा आप रखते हैं तो इंजीनियरिंग ब्रांच में आप भी देख लें। विदेश में जॉब करने की चाहत रखने वाले लोग बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग ब्रांच की डिमांड जॉब मार्केट में काफी ज्यादा है।

Btech CSE कोर्स करने से विदेशी कंपानियां जॉब ऑफर करती है। बीटेक CSE के छात्रों को Google, Infosys और microsoft जैसी कंपनियों में लाखों के पैकेज वाले जॉब ऑफर मिलता है। विदेश में इंजीनियरिंग की इस ब्रांच की काफी डिमांड है। कैमिकल इंजीनियर्स को विदेशी कंपानियों में आसानी से लाखों के पैकेज पर जॉब ऑफर होता है।

# भारतीय तटरक्षक बल में अधिकारी पदों के लिए वैकेंसी, सैलरी 2 लाख से ज्यादा

**भारतीय** तटरक्षक बल (इंडियन कोस्ट गार्ड) ने ऑफिसर्स लेवल के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है. इस भर्ती में सीनियर सिविलियन स्टाफ ऑफिसर, सिविलियन स्टाफ ऑफिसर, असिस्टेंट डायरेक्टर (राजभाषा), सेक्शन ऑफिसर और सिविलियन गैजेटेड ऑफिसर जैसे पद शामिल हैं। इन सरकारी नौकरियों में अधिकतम मासिक वेतन 2 लाख रुपये से अधिक निर्धारित है। यह अवसर देश सेवा में योगदान देने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए सुनहरा है।

#### आवेदन प्रक्रिया

इच्छुक उम्मीदवार इंडियन कोस्ट गार्ड की आधिकारिक वेबसाइट (indiancoast-guard.gov.in) पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि नोटिफिकेशन जारी होने के 60 दिनों बाद है. यह महत्वपूर्ण है कि सभी उम्मीदवार आवश्यक योग्यता और दस्तावेजों के साथ समय पर आवेदन करें।

#### पदों की संख्या और विवरण

इस भर्ती अभियान के तहत कुल 38 पद भरे जाएंगे। इनमें सीनियर सिविलियन स्टाफ ऑफिसर (लॉजिस्टिक्स) के लिए 3 पद, सिविलियन स्टाफ ऑफिसर (लॉजिस्टिक्स) के लिए 12 पद, असिस्टेंट डायरेक्टर (राजभाषा) के लिए 3 पद, सेक्शन ऑफिसर के लिए 7 पद, सिविलियन गैजेटेड ऑफिसर (लॉजिस्टिक्स) के लिए 8 पद, स्टोर फोरमैन के लिए 2 पद और स्टोर कीपर ग्रेड-I के लिए 3 पद शामिल हैं। अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष रखी गई है।




#### सैलेरी

चयनित उम्मीदवारों को उनके पद के अनुसार वेतन मिलेगा। सीनियर सिविलियन स्टाफ ऑफिसर (लॉजिस्टिक्स) को 78,800 रुपए से 2,09,200 रुपए तक, सिविलियन स्टाफ ऑफिसर (लॉजिस्टिक्स) को 67,700 रुपए से 2,08,700 रुपए तक और असिस्टेंट डायरेक्टर (राजभाषा) को 56,100 रुपए से 1,77,500 रुपए तक का वेतन मिलेगा। अन्य पदों के लिए वेतन 9,300 से 81,100 तक निर्धारित किया गया है।

#### भारतीय तटरक्षक बल की भूमिका

इंडियन कोस्ट गार्ड एक सशस्त्र बल है, जिसका मुख्य कार्य समुद्री खोज, बचाव और समुद्री कानून प्रवर्तन है। इसकी स्थापना का उद्देश्य गैर-सैन्य समुद्री सेवाएं प्रदान करना और भारतीय तटों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है. तटरक्षक बल ने समुद्री नियमों के पालन और भारतीय समुद्री सीमाओं की रक्षा में अहम भूमिका निभाई है।

# राजस्थान स्टेनोग्राफर एवं पर्सनल असिस्टेंट भर्ती परीक्षा के लिए एग्जाम सिटी स्लिप जारी



**राजस्थान** स्टाफ सिलेक्शन बोर्ड जयपुर की ओर से स्टेनोग्राफर एवं पर्सनल असिस्टेंट भर्ती परीक्षा के लिए एग्जाम सिटी स्लिप जारी कर दी गई है। जिन भी उम्मीदवारों ने इस भर्ती में शामिल होने के लिए आवेदन किया था वे तुरंत ही आरएसएमएसएसबी की ऑफिशियल वेबसाइट rsmssb.rajasthan.gov.in पर जाकर या इस पेज पर दिए लिंक से सिटी स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं। एग्जाम सिटी स्लिप के माध्यम से अभ्यर्थी अपने परीक्षा शहर की जानकारी हासिल कर अपना यात्रा की पूर्व तैयारी कर सकते हैं।

#### कैसे डाउनलोड करें एग्जाम सिटी स्लिप

एग्जाम सिटी स्लिप डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को स्वयं की SSO ID द्वारा लॉग इन करना होगा। लॉग इन करने के उपरांत रिक्रूटमेंट पोर्टल पर क्लिक करना होगा। क्लिक करने पर नोटिफिकेशन विंडो ओपन होगी। नोटिफिकेशन विंडो में आपको डिस्ट्रिक्ट लोकेशन लिंक पर क्लिक करना होगा। अब आपको एप्लीकेशन नंबर एवं डेट ऑफ बर्थ दर्ज करना होगा जिसके लिए बाद एग्जाम सिटी स्लिप स्क्रीन पर ओपन हो जाएगी जहां से आप इसे डाउनलोड कर सकेंगे।

#### एडमिट कार्ड 30 सितंबर को होंगे उपलब्ध

नोटिफिकेशन में दी गई जानकारी के मुताबिक इस भर्ती के लिए उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड 30 सितंबर को डाउनलोड के लिए उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। एडमिट कार्ड जारी होने के बाद अभ्यर्थी इसे rsmssb.rajasthan.gov.in पर या SSO ID के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे।

#### कब होगी परीक्षा

राजस्थान स्टेनोग्राफर एवं पर्सनल असिस्टेंट भर्ती के लिए एग्जाम का आयोजन 5 अक्टूबर 2024 को दो शिफ्ट में करवाया जाएगा। पहली शिफ्ट की परीक्षा प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक आयोजित होगी वहीं दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2.30 से शाम 5.30 तक संपन्न करवाई जाएगी। अधिक डिटेल के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

# बैंक ऑफ बड़ौदा में बीसी सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती

### एज लिमिट 65 वर्ष, रिटायर्ड ऑफिसर्स को मौका

**बैंक** ऑफ बड़ौदा ने बीसी सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती निकली है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उम्मीदवारों को ऑफलाइन आवेदन करना होगा।



#### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन

ग्रेजुएशन की डिग्री, कंप्यूटर नॉलेज। पीएसयू बैंक से रिटायर्ड ऑफिसर जो चीफ मैनेजर की पोस्ट पर रह चुके हों, आवेदन कर सकते हैं। बैंकिंग में 3 साल का वर्क एक्सपीरियंस रखने वाले उम्मीदवार।

#### आयु सीमा

उम्मीदवारों के लिए 21 वर्ष से 45 वर्ष आयु सीमा तय की गई है।

रिटायर्ड बैंक कर्मचारियों के लिए आयु सीमा 65 वर्ष है।

#### सिलेक्शन प्रोसेस

इंटरव्यू बेसिस पर।

#### सैलरी

उम्मीदवारों को 1 वर्ष तक हर महीने 15,000 रुपए सैलरी दी जाएगी।

#### ऐसे करें आवेदन

अपने आवेदन फॉर्म को भरकर सभी संबंधित डॉक्यूमेंट्स के साथ नीचे दिए गए पते पर भेजें -क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा,साबरकांठा क्षेत्रीय कार्यालय,दूसरी मंजिल परफेक्ट एवेन्यू, शामलाजी हाईवे रोड,सहकारी जिन, हिम्मतनगर- 383001

# करियर में कैसे पाएं सफलता ?





**आज** के दौर में हर फील्ड में प्रतिस्पर्धा है। ऐसे में करियर में सफलता मिलना आसान नहीं है। लेकिन अगर आप सही दिशा में काम करें तो आपके सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है। हम आपको यहां पर कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिनका पालन करके आप करियर में सफल हो सकते हैं। हर कोई सफलता को अलग-अलग तरीके से परिभाषित करता है। कई लोग करियर की सफलता को इस आधार पर परिभाषित करते हैं कि उन्हें काम में मजा आ रहा है? वहीं, कुछ लोगों के करियर में सफलता का मतलब, अच्छी सैलरी, कम काम आदि है। हर व्यक्ति में अपने करियर में कामयाब होना चाहता है।

#### सही करियर का चुनाव

चाहे आप अभी-अभी वर्कफोर्स में प्रवेश कर रहे हों या आप पहले से ही अपने करियर में स्थापित हो चुके हों। लेकिन पहले आप सुनिश्चित करें कि आपने सही पेशा चुना है? विचार करें कि क्या आप स्वयं को प्रतिदिन अपना कार्य करते हुए देख सकते हैं। आपका काम आपके व्यक्तित्व, आपकी रुचियों और आपके मूल्यों के अनुरूप होना चाहिए। अगर आपने ऐसा करियर चुन लिया है, जिसमें आपका मन नहीं लग रहा है तो आप अपने करियर में कभी सफल नहीं हो सकेंगे।

#### पसंद से करें करियर का चुनाव

जब आपके करियर की बात आती है तो आपके परिवार और दोस्तों की बहुत सारी राय हो सकती है। लेकिन आप उनके इनपुट के आधार पर ऐसा करियर चुने, जिसमें आपको मजा आता हो। अगर आप दूसरों के दबाव में करियर चुनाव करेंगे तो आप कभी-कभी उसमें अच्छा नहीं कर पाएंगे। जब सफलता की बात आती है तो हर किसी की एक अलग परिभाषा होती है। उदाहरण के लिए कुछ लोग इसे सैलरी से परिभाषित करते हैं। जबकि कुछ लोग काम घंटों, सैलरी सहित अन्य पैमानों के आधार पर सफलता को परिभाषित करते हैं। ऐसे में सही होगा कि आप खुद ही सफलता के पैमाने का निर्धारण करें।

#### अपनी गलतियों को ठीक करें और सीखें

आपका अनुभव चाहे जो भी हो, आप गलतियां करने के लिए बाध्य हैं, भले ही आप उनसे बचने की कोशिश करें। जब आप कोई गलती करते हैं तो अपनी गलती स्वीकार करना और उसे ठीक करने के तरीके पर काम करना महत्वपूर्ण है। समय पर ठीक करें।

#### लोगों से लें मदद

जैसे-जैसे आप अपने करियर में आगे बढ़ते हैं, वैसे-वैसे आपको किसी अन्य की मदद की भी जरूरत होती है। ऐसे में आप अपने से ज्यादा जानकारी वाले लोगों के संपर्क में रहें और समय-समय पर उनसे मार्गदर्शन लेते रहें। यदि आपने अभी तक अपनी पसंद के क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया है, तो किसी गुरु से आप जिस व्यवसाय पर विचार कर रहे हैं उसके बारे में और मार्गदर्शन प्राप्त करने से आपको अपने लक्ष्यों को अधिक कुशलता से प्राप्त करने में मदद मिल सकती है और यह सुनिश्चित हो सकता है कि आप सही करियर पथ पर हैं। अपनी सफलता के लिए खुद भी प्रयास करें। अपनी पिछली उपलब्धियों पर विचार करें व अपनी सफलताओं पर किसी के बधाई देने की प्रतीक्षा करने के बजाय, उन्हें स्वयं पहचानें और अपने करियर में अब तक जो कुछ भी हासिल किया है उस पर गर्व करें। ऐसा करने से आपको अपनी अगली उपलब्धि या लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने में मदद मिल सकती है।

# बीबीए और बीकॉम में क्या अंतर है? किस कोर्स के बाद तुरंत मिल जाएगी नौकरी?

**करियर** की असली परीक्षा 12वीं के बाद शुरू होती है. यही वह टाइम होता है, जब स्टूडेंट को सही कोर्स चुनकर करियर को नई दिशा देनी होती है। कॉमर्स स्ट्रीम से पढ़ाई करने वाले ज्यादातर स्टूडेंट्स कॉलेज में बीबीए या बीकॉम कोर्स में एडमिशन लेते हैं। ये दोनों ही 3 साल के फुल टाइम कोर्स हैं। ज्यादातर डिग्री कॉलेज बीबीए और बीकॉम, दोनों कोर्स की डिग्री ऑफर करते हैं। कॉमर्स बहुत व्यापक स्ट्रीम है। मैनेजमेंट या अकाउंट्स के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक स्टूडेंट्स बीबीए या बीकॉम कोर्स में एडमिशन लेते हैं. अगर आप इन दोनों कोर्सेस के बीच कंफ्यूज्ड हैं और सही करियर गाइडेंस नहीं मिल पा रहा है तो जानिए इन दोनों ग्रेजुएशन कोर्सेस के बीच कुछ समानताएं और बेसिक अंतर (Know Difference Between BBA and BCom). इस जानकारी से आपको करियर का सही फैसला चुनने में मदद मिलेगी।

**बीबीए और बीकॉम में क्या अंतर है?**

बीबीए का फुल फॉर्म बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन और बीकॉम का बैचलर ऑफ कॉमर्स है। जानिए इन दोनों कोर्सेस में 10 बड़े अंतर-

#### 1. पाठ्यक्रम का फोकस

**बीबीए सिलेबस:** बिजनेस मैनेजमेंट, मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्सेस, फाइनेंस

**बीकॉम सिलेबस:** कॉमर्स, अकाउंटिंग, फाइनेंस, इकोनॉमिक्स

#### 2. अध्ययन क्षेत्र

**बीबीए:** बिजनेस मैनेजमेंट, मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्सेस

**बीकॉम:** अकाउंटिंग, फाइनेंस, ऑडिटिंग, कमर्शियल लॉ

#### 3. करियर ऑप्शन

**बीबीए करियर ऑप्शन:** बिजनेस मैनेजमेंट, मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्सेस

**बीकॉम करियर ऑप्शन:** अकाउंटिंग, फाइनेंस, ऑडिटिंग, कमर्शियल बैंकिंग

#### 4. विशेषज्ञता

**बीबीए:** बिजनेस मैनेजमेंट, मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्सेस

**बीकॉम:** अकाउंटिंग, फाइनेंस, ऑडिटिंग

#### 5. प्रवेश आवश्यकताएं

बीबीए और बीकॉम, दोनों के लिए 12वीं कक्षा में कॉमर्स या साइंस स्ट्रीम में पास होना जरूरी है। कुछ कॉलेज बीबीए में आर्ट्स स्ट्रीम के स्टूडेंट्स को भी एडमिशन देते हैं. हालांकि इस स्थिति में 12वीं में इकोनॉमिक्स या मैथ विषय होना बेहतर रहता है।

#### 6. पाठ्यक्रम की फीस

बीबीए और बीकॉम की फीस लगभग समान है, लेकिन यह यूनिवर्सिटी और लोकेशन पर निर्भर करती है।

# डीयू में जूनियर असिस्टेंट के पदों पर निकली भर्ती, 12वीं पास को मौका



**यूनिवर्सिटी** कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी ने जूनियर असिस्टेंट के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट 222.ucms.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**फीस :** जनरल, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस- 500 रुपए,एससी, एसटी, पीडब्ल्यूबीडी,

महिला-नि.शुल्क


**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :** मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं पास। कंप्यूटर टाइपिंग की स्पीड अच्छी हो।

**आयु सीमा :** 18 से 27 साल आरक्षित श्रेणी को सरकारी नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

**सिलेक्शन प्रोसेस :** लिखित परीक्षा, टाइपिंग टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, मेडिकल एग्जाम

**सैलरी :** लेवल - 2 के अनुसार, 19,900 से लेकर 63,200 रुपए प्रतिमाह।

**ऐसे करें आवेदन :** ऑफिशियल वेबसाइट 222.ucms.ac.in पर जाएं। New Vacancies मांगी गई डिटेल्स से रजिस्ट्रेशन करें। लॉग इन करके डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें। फॉर्म भर कर सब्मिट करें। इसका प्रिंट आउट लेकर रखें।



### सैलरी 63 हजार से ज्यादा

### इंजीनियर ने शॉपिंग ऐप-गेमिंग कंपनियों से 60 लाख ठगे

# डबल रिफंड मंगवाता, 30 प्रतिशत कमीशन पर खाते किराए पर लिए

जोधपुर, 1 अक्टूबर। हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) के मैकेनिकल इंजीनियर ने साल भर में ऑनलाइन शॉपिंग ऐप और गेमिंग वेबसाइट्स को 60 लाख का चूना लगा दिया। ठग ऑनलाइन सामान मंगवाता और उसे लौटा देता। वहीं गेमिंग वेबसाइट पर बैटिंग के रुपए भी दोगुना रिफंड करवा लेता। कंपनियां इसे ब्लॉक करती तो नई आईडी से ठगी शुरू कर देता। इसके लिए उसने अपने दोस्तों और रिश्तेदारों के अकाउंट 30त्न कमीशन पर उधार ले रखे थे। साथ ही 6 आईटी एक्सपर्ट की टीम बना रखी थी। मामला फलोदी का है। एसपी पूजा अवाना ने बताया कि ऑनलाइन ठगी के मामले में विकास विश्नोई निवासी मदरुपाणियों की ढाणी फतेहसागर लोहावट को गिरफ्तार किया है। रविवार को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उसे 1 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। आरोपी के कब्जे से विभिन्न बैंकों की पासबुक, ॾरू भी बरामद किए गए। इसके पास 3 डायरी भी मिली, जिनमें लाखों का हिसाब किताब है। एसपी पूजा अवाना ने बताया- 28 सितंबर की रात पुलिस थाना बाप स।।ह्व मनोज कुमार को चेकपोस्ट पर एक संदिग्ध स्कॉर्पियो नजर आई। रुकवा कर पूछताछ की और तलाशी ली तो स्ङ्क में 9 मोबाइल, 39सिम, 4 पासबुक, 10 एटीएम कार्ड, 6 आधार कार्ड और लाखों रुपए के ट्रांजैक्शन के हिसाब-किताब की डायरियां मिली। इस पर युवक को थाने लाकर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ऑनलाइन शॉपिंग और गेमिंग एप से ऑनलाइन फ्रॉड करता है। पुलिस ने आरोपी विकास को 1 दिन की रिमांड पर लिया था। इसके बाद आज शाम उसे फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। अब तक की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विकास गेमिंग कंपनियों से गेम जीतने के बाद जो रुपए मिलते थे, उन्हें वापस रिफंड करवा लेता था। कंपनियों को अपने खाते में पैसे नहीं आने का बोलकर रिक्वेस्ट भेजता था। जब कंपनी वापस पैसे डालती तो उन्हें अलग-अलग अकाउंट में ट्रांसफर कर लेता था। शॉपिंग ऐप से ठगी करता और वह सामान मंगवा कर दोबारा लौटा देता और रिफंड आ जाने के बावजूद फिर से रिफंड की रिक्वेस्ट डालता। ऐसे में, कंपनी को उसे रिफंड देना पड़ता। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विकास बिश्नोई ने हमीरपुर की एनआईटी से 1 साल पहले मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। 2023 में वह जोधपुर आ गया और जॉब करने के बजाय ठगी के काम में जुट गया।

### सैनिटरी पैड की कालाबाजारी, नोएडा से आरोपी गिरफ्तार

# सस्ते दामों में खरीदकर रैपर बदलकर बेचा, जोधपुर लेकर आई पुलिस

जोधपुर, 1 अक्टूबर। सरकार की उड़ान योजना के तहत सैनिटरी पैड की कालाबाजारी के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आरोपी को नोएडा से गिरफ्तार कर जोधपुर लेकर आई है। आरोपी योजना के तहत फ्री सप्लाई होने वाले सैनिटरी पैड को सस्ते दामों पर गिरोह से खरीदकर बेचता था। जोधपुर बासनी पुलिस से मिली जानकारी अनुसार- नोएडा निवासी संदीप कुमार पुत्र मिहिर कांत झा को नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी गिरोह के लोगों से सस्ते दामों में सैनिटरी पैड खरीदकर उसका रैपर बदलकर महंगे दामों में बेच रहा था। पुलिस मामले की पूरी जानकारी जुटा रही है। 21 मई की रात जोधपुर के सांगरिया रोड पर जीएसटी चोरी के संदेह में सीजीएसटी इंस्पेक्टर लीलाधर जाट और उनकी टीम ने नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान हरियाणा नंबर के एक कंटेनर की जांच की गई, जिसमें प्लास्टिक के कट्टों में सैनिटरी पैड भरे मिले थे। टीम ने कट्टों को खुलवाकर जांच की तो सैनिटरी पैड पर %राजस्थान सरकार द्वारा निशुल्क वितरण% का टैग लगा हुआ था। ड्राइवर से इसकी बिल्टी मांगी। उसने पोकरण से नोएडा की बिल्टी दी। ड्राइवर फ्री पैड की राजस्थान से नोएडा में सप्लाई का कारण पूछा तो, वह जवाब नहीं दे पाया। जीएसटी की टीम ने कालाबाजारी के शक में जोधपुर की बासनी पुलिस को सूचना दी। बासनी पुलिस ने मामला दर्ज किया और खेतड़ी निवासी कंटेनर ड्राइवर कैलाश धानका को गिरफ्तार किया। इस कंटेनर में उड़ान योजना के 1 लाख 85 हजार सैनेटरी पैड थे, जो नोएड़ा सप्लाई होने जा रहे थे। पीड़िता के पति ने बताया- 2 दिन बाद उसकी पत्नी की तबीयत फिर बिगड़ गई। इस पर उसको सवाई माधोपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। 25 सितंबर को उसकी पत्नी को गंभीर हालत में जयपुर रेफर कर दिया गया। वह उसे जयपुर लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया- पीड़िता के पति ने आरोपियों के खिलाफ सवाई माधोपुर में एफआईआर दर्ज कराई। घटना चाकसू इलाके की होने के कारण सवाई माधोपुर पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर चाकसू थाने में ट्रांसफर कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जयपुर के होटल में विवाहिता से रेप

जयपुर, 1 अक्टूबर। जयपुर की एक होटल में विवाहिता से रेप का मामला सामने आया है। जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर आरोपी ने विवाहिता को पिलाया। जबरदस्ती करने का विरोध करने पर चाकू दिखाकर डराया। जालूपुरा थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। मामले की जांच (कोतवाली) अनुप सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने बताया- भांकरोटा निवासी 20 साल की विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया कि 27 जून को शाम करीब 4ः30 बजे वह सिंधीकैम्प बस स्टैंड आई थी। कोटपूतली अपनी ननद के घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। सिंधी कैम्प बस स्टैंड पर गोपाल नाम का व्यक्ति मिला। कंडेक्टर होना बताकर उससे बातचीत करने लगा। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे पीने के लिए जूस दिया। जूस में नशा मिला होने के कारण बेहोशी छाने लगी। इसका फायदा उठाकर आरोपी उसे पास ही एक होटल में ले गया। होटल के रूम में ले जाकर आरोपी उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने चाकू दिखाकर डरा-धमका उसके साथ रेप किया। जालूपुरा थाने में पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

## 5वीं कक्षा की छात्रा से अश्लील हरकत फल देने का लालच देकर अपने पास बुलाया

अजमेर, 1 अक्टूबर। अजमेर में 5वीं कक्षा की छात्रा से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां ने एक फल विक्रेता पर आरोप लगाते हुए क्लॉक टावर थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्लॉक टावर थाना पुलिस के अनुसार पीड़ित महिला ने थाने पर उपस्थित होकर मुकदमा दर्ज करवाया है। महिला ने शिकायत देकर बताया कि उसकी बेटी 5वीं कक्षा में पढ़ती है। जब वह स्कूल से घर पहुंची तो उसने बताया कि करीब 5 दिनों से उसे एक फल विक्रेता परेशान कर रहा है। एक दिन उसने अपने पास बुलाकर फल देने का लालच देकर उसके साथ अश्लील हरकत की गई। पीड़ित महिला ने बताया की बेटी के द्वारा बताई गई घटना के बाद उसने आरोपी फल विक्रेता को समझाया तो आरोपी उससे लड़ाई झगड़े पर उतारू हो गया। पीड़ित मां की शिकायत पर क्लॉक टावर थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पैसेंजर बस ने कार और ऑटो को मारी टक्कर

जोधपुर, 1 अक्टूबर। पैसेंजर बस ने ब्रेक फेल होने पर आगे चल रही एक कार और ऑटो को टक्कर मार दी। इसके बाद सड़क किनारे खड़ी मशीन से टकराकर रुक गई। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में ऑटो में सवार दो महिलाएं घायल हो गई, जिन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। घटना जोधपुर के चौपासनी रोड पर जूना खेड़ापति बालाजी मंदिर के सामने रविवार शाम का है। थानाधिकारी मुकेश कुमार मीणा ने बताया- हादसे को लेकर कार मालिक रातानाड़ा सुभाष चौक निवासी रोहित चौधरी ने बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। इसके साथ अन्य वाहन चालकों की रिपोर्ट को भी शामिल किया गया है। सूचना पर देवनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उससे पहले ही ड्राइवर बस छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को एक तरफ करवाकर यातायात शुरू करवाया।

## चोरों ने शीशे फोड़कर कार को खंगाला

अजमेर, 1 अक्टूबर। अजमेर के पंचशील नगर इलाके में सिटी स्क्वायर मॉल के बाहर रविवार शाम शातिर चोरों ने दवा कारोबारी की कार के शीशे तोड़कर चोरी का प्रयास किया, लेकिन गनीमत यह रही कि कार में कोई कीमती सामान नहीं था। मॉल से शॉपिंग के बाद वापस लौटे कारोबारी दिलीप थादानी को कार के शीशे फूटे मिले। कार में पत्थर भी पड़े हुए थे। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रुम को घटना की जानकारी दी। सूचना पर क्रिश्चयन गंज थाना प्रभारी मय दल के मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौका मुआयना किया।

## अजमेर में घर के बाहर से युवक का अपहरण

अजमेर, 1 अक्टूबर। अजमेर के रामगंज थाना क्षेत्र में एक युवक का अपहरण कर उसे गलत काम करने के लिए मजबूर करने का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित के भाई ने तीन युवकों के खिलाफ रामगंज थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सोमलपुर निवासी युवक ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पीड़ित ने शिकायत देकर बताया कि उसका भाई घर से बाहर घूमने के लिए निकला था। इस दौरान गांव का निवासी उसे अपने साथ बाबा बादाम शाह की दरगाह के पास के इलाके में ले गया। वहां झाड़ियां में उसके को गलत काम करने के लिए मजबूर किया गया। इस दौरान कुछ और युवक भी वहां पहुंच गए। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने उसे उसका वीडियो वायरल कर बदनाम करने की भी धमकी दी। तबीयत बिगड़ने पर उसे आरोपियों ने वापस छोड़ दिया। पीड़ित को परिवार के द्वारा अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया। तीन आरोपियों के खिलाफ रामगंज थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तालकटोरा में मिला महिला का शव

# दो-तीन दिन पुरानी है लाश फूलने पर पानी के आई ऊपर

जयपुर, 1 अक्टूबर। तालकटोरा में एक महिला की लाश मिलने पर माणकचौक थाना पुलिस ने पानी से बाहर निकलवाया। जयपुर के तालकटोरा में सोमवार दोपहर एक महिला का शव मिला। माणकचौक थाना पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को स्रू हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि शव दो-तीन दिन पुराना है। पानी में पड़े रहने से फूलने पर ऊपर सतह पर आ गया। पुलिस मृतका की पहचान के प्रयास कर रही है। (माणकचौक) गुरु भूपेन्द्र सिंह ने बताया- दोपहर करीब 1 बजे तालकटोरा में पानी की सतह पर एक महिला का शव दिखाई दिया। तालकटोरा में महिला की लाश मिलने का पता चलने पर स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गई। माणकचौक थाना पुलिस भी सूचना पर मौके पर पहुंची। तालकटोरा में महिला का शव देखकर तुरंत सिविल डिफेंस टीम को बुलाया गया। सिविल डिफेंस टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को निजी वाहन से हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। पुलिस का कहना है कि मृतका की उम्र करीब 45-50 साल है।

## अजमेर पुलिस ने चलाया एरिया डोमिनेशन अभियान

अजमेर, 1 अक्टूबर। अजमेर की क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 4 हिस्ट्रीशीटर सहित 23 आदतन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को मामले की जानकारी क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण के द्वारा दी गई। थाना अधिकारी अरविंद चारण ने बताया कि अजमेर एसपी वंदिता राणा की ओर से जिले में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत सभी थाना अधिकारियों को थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर और आदतन अपराधियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के तहत थाने पर एक टीम का गठन कर कार्रवाई की निर्देश दिए गए थे। थाना अधिकारी ने बताया कि आगामी दिनों में त्योहारों का दिन है। इसे देखते हुए टीम ने 23 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें चार थाने के हिस्ट्रीशीटर भी है। सभी आरोपियों को शांति भंग में गिरफ्तार कर एसडीएम के पेश किया गया। चरण ने बताया की कार्रवाई करते हुए थाने के हिस्ट्रीशीटर माकड़वाली रोड निवासी सुल्तान सिंह(31) पुत्र सूरा सिंह, राजीव कॉलोनी निवासी विजय सिंह (48) पुत्र कालूराम, लिक कॉलोनी निवासी गोपाल उर्फ गोपी सिंह (62) सहित अरावली नगर निवासी सनी (25) पुत्र सुल्तान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिवराज पुत्र बीरम, पवन पुत्र प्रभु लाल, मुकेश पुत्र सुखदेव, शंकर पुत्र कन्हैयालाल, विजय धोबी पुत्र संपत, शेर पुत्र जमाल, ओम प्रकाश पुत्र कानाराम, इकबाल पुत्र नारू, शिव शंकर पुत्र देवकरण, शाहरुख पुत्र कमरुद्दीन, हरदीप सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, आकाश पुत्र राम सिंह, नितेश पुत्र सज्जन सिंह, जितेंद्र पुत्र संतोष, विशाल पुत्र माधुलाल, मुकेश शर्मा पुत्र रामचंद्र, रंजीत पुत्र शंकर सिंह, नारायण पुत्र रामदेव सहित प्रवीण शर्मा पुत्र कमल किशोर को गिरफ्तार किया है।

## ससुराल जा रही महिला से गैंगरेप, पिटाई से मौत

चाकसू, 1 अक्टूबर। पिटाई के कारण महिला की हालत बिगड़ गई। इस पर आरोपी उसे हॉस्पिटल में छोड़कर फरार हो गए। घटना के 4 दिन बाद महिला ने दम तोड़ दिया। घटना 21 सितंबर को जयपुर ग्रामीण जिले के चाकसू थाना इलाके में हुई। महिला के पति ने परिचित युवक समेत 4 लोगों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज कराया है।

चाकसू थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। घटना चाकसू इलाके की होने के कारण सवाई माधोपुर पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज की और चाकसू थाने में ट्रांसफर कर दी। थाना प्रभारी राजूराम बामनिया ने बताया- पीड़िता के पति ने शनिवार को सवाई माधोपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 21 सितंबर को उसकी पत्नी अपने पीहर से सवाई माधोपुर के लिए रवाना हुई थी।

चाकसू के कोटखावदा के पास उसे एक रिश्तेदार मिला। जो उसे नशीला पदार्थ पिलाकर सुनसान जगह ले गया और अपने साथियों के साथ मिलकर गैंगरेप किया।

उसने बताया कि जब उसकी पत्नी को होश आया तो उसने विरोध किया। इस पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर घायल हो गई। उसकी हालत बिगड़ने पर आरोपी उसको लालसोट हॉस्पिटल में भर्ती करवाकर फरार हो गए। हॉस्पिटल से उसके पास फोन आया तो वह हॉस्पिटल पहुंचा और अपनी पत्नी को डिस्चार्ज करवाकर घर ले गया।

## जयपुर में गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा टायरों की निकाली हवा

जयपुर, 1 अक्टूबर। जयपुर के हरमाड़ा थाने के बाहर रविवार रात बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए ट्रक के टायरों की हवा निकाल दी। पुलिस ने ट्रक में मिली 13 गायों को नजदीकी गोशाला में छुड़वाया गया है।

वहीं, गोवंश की तस्करी को लेकर हंगामा होने पर पुलिस जाब्ते को मौके पर तैनात किया गया। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को पूछताछ के लिए राउंडअप किया। एसीपी (चौमूं) अशोक चौहान ने बताया- चौमूं की तरफ से एक ट्रक में गोवंश भरकर लाने की सूचना मिली थी। रात करीब 9 बजे हरमाड़ा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। हरमाड़ा थाना पुलिस और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने ट्रक को थाने के सामने रुकवाया। ट्रक की तलाश लेने पर उसमें 13 गाय होलेस्टर नस्ल की मिली।

ट्रक में गोवंश मिलने पर तस्करी करने को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा कर दिया। हंगामा होने पर पास के थाने से अतिरिक्त पुलिस जाब्ता भी मौके पर तैनात किया गया। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाते हुए ट्रक के टायरों की हवा निकाल दी। पुलिस ने गायों को मंशारामपुरा गौशाला में छुड़वाकर ड्राइवर पवन कुमार निवासी महेन्द्रगढ़ को राउंडअप कर लिया। पूछताछ में ड्राइवर पवन कुमार ने बताया- वह गायों को महेन्द्रगढ़ से नागपुर लेकर जा रहा था।

## धोखेबाज बॉयफ्रेंड ने किया युवती से रेप

जयपुर, 1 अक्टूबर। जयपुर में धोखेबाज बॉयफ्रेंड के एक युवती से रेप करने का मामला सामने आया है। आरोपी शादी करने का झांसा देकर चार साल तक रेप करता रहा। शादी करने का दबाव बनाने पर आरोपी के परिजनों ने पीड़िता के साथ मारपीट की। ब्रह्मपुरी थाने में पीड़िता ने आरोपी और उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच (ब्रह्मपुरी) ईश्वर चन्द पारीक कर रहे हैं। पुलिस ने बताया- चंदवाजी निवासी युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कुछ साल पहले उसकी मुलाकात आरोपी से हुई थी।


**कार्यालय- प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलाय ( नागौर )**

क्रमांक राउमावि/अलाय/ लेखा/ नीलामी/ 2024-25/1419 दिनांक 30.09.24

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय में उपलब्ध अनुपयोगी/ अप्रचलित/ नकारा घोषित सामानों जिनका कुल पुस्तक मूल्य रू. 104229 /- मात्र है, का सार्वजनिक नीलामी दिनांक 10.10.2024 को समय दोपहर 12.00 बजे कार्यालय रा.उ.मा.वि.अलाय में रखी जायेगी। इस हेतु इच्छुक बोलीदाता बोली हेतु आमंत्रित हैं। नीलामी संबंधी शर्ते व विवरण कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है। बोलीदाता को इस हेतु राशि 2000/- मात्र धरोहर के रूप में जमा करवाने होगें।

प्रधानाचार्य
रा.उ.मा.वि. अलाय


## जयपुर-दूदू से 3164 सीनियर सिटीजन करेंगे फ्री धार्मिक यात्रा

जयपुर, 1 अक्टूबर। देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के तहत अलग-अलग जिलों में लिए आवेदन की लॉटरी निकलना शुरू हो गया। आज जयपुर जिले की लॉटरी प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल, कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सचिवालय में निकाली। इसके साथ जयपुर ग्रामीण और दूदू जिले की लॉटरी भी निकाली गई। इस लॉटरी में 3 हजार 164 सीनियर सिटीजन का यात्रा के लिए चयन हुआ। इसमें 527 सीनियर सिटीजन हवाई जहाज से पशुपतिनाथ (नेपाल) जाएंगे। 2 हजार 636 लोग रेल से देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों के दर्शन करेंगे। प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि जयपुर, जयपुर ग्रामीण और दूदू जिले के 17 हजार 86 बुजुर्गों ने आवेदन किया था। जयपुर शहर के लिए 10 हजार 534 बुजुर्गों ने आवेदन कर तीर्थयात्रा पर जाने की इच्छा जताई थी। इसमें से आज 1564 आवेदकों का लॉटरी के जरिए चयन किया, जिसमें 1328 रेलमार्ग और 266 हवाई मार्ग से यात्रा करेंगे। जयपुर ग्रामीण की बात करें तो यहां 5 हजार 888 सीनियर सिटीजन ने तीर्थयात्रा के लिए आवेदन किया। इसमें से 1406 यात्रियों की लॉटरी के जरिए चयन हुआ, जिसमें 1172 सफल आवेदक रेलयात्रा और 234 हवाई मार्ग से तीर्थयात्रा करेंगे। दूदू जिले में 164 यात्रियों का चयन लॉटरी से किया। इनमें से 136 यात्री रेलमार्ग और 27 यात्री हवाई मार्ग से यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया- वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत तीनों जिलों 3 हजार 164 यात्रियों की मुख्य सूची, प्रतीक्षा और अतिरिक्त प्रतीक्षा सूची जारी की गई। रेल यात्रियों के लिए चयनित वरिष्ठ नागरिकों को उनके द्वारा आवेदन में चयनित तीन तीर्थ स्थान में से एक तीर्थ स्थान पर यात्रा कराई जाएगी। अगर कोई चयनित बुजुर्ग किसी कारण से यात्रा पर जाने से इंकार करता है तो दूसरी और तृतीय सूची के चयनितों को मौका मिल सकेगा। अब देवस्थान विभाग तीर्थ वाइज यात्रा के लिए ट्रेन का शेड्यूल तैयार करेगा। संभावना है कि दीपावली के आसपास तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के तहत देवस्थान विभाग की ओर से रामेश्वरम-मदुरई, जगन्नाथपूरी,तिरूपति, द्वारकापुरी-सोमनाथ, वैष्णोदेवी-अमृतसर, प्रयागराज-वाराणसी, मथुरा-वृंदावन,-बरसाना, सम्मेदशिखर-पावापुरी-बैद्यनाथ, उज्जैन-ओंकारेश्वर-त्र्यम्बकेश्वर, गंगासागर, कामाख्या, हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या, बिहार शरीफ, वेलकानी चर्च तमिलनाडु की रेलमार्ग से, जबकि पशुपतिनाथ काठमांडू की यात्रा हवाई मार्ग से करवाने का सर्किट तैयार किया है।

## सीकर में मार्ट से हजारों रुपए चोरी

सीकर, 1 अक्टूबर। सीकर के उद्योग नगर इलाके में चोर ने बंद मार्ट में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर मार्ट से करीब 40 से 45 हजार रुपए चुराकर ले गया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हुई है। फूलचंद दूधवाल ने उद्योग पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर बताया है कि उन्होंने साकेत सिटी पिपराली रोड सीकर में लवीज मेगा मार्ट के नाम से दुकान कर रखी है। जिसे वह रात को बंद करके चले गए। सुबह उन्हें दुकान में चोरी होने का पता चला। जब उन्होंने दुकान में लगी सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की तो सामने आया कि एग्जॉस्ट फैन की जाली हटाकर चोर दुकान में प्रवेश करता है और फिर दुकान के गल्ले को तोड़कर उसमें रखे करीब 40 से 45 हजार रुपए भी चुरा लेता है। फिलहाल अब उद्योग नगर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश कर रही है।

## एनसीबी अधिकारी बताकर जयपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर से ठगी

जयपुर, 1 अक्टूबर। शिवदासपुरा इलाके में एक यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर से 1.98 लाख रुपए ठग लिए। जयपुर में एक यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर से 1.98 लाख रुपए ऑनलाइन ठग लिए गए। बदमाशों ने असिस्टेंट प्रोफेसर को कॉल कर धमकाया- मुंबई एनसीबी ने आपका पार्सल जब्त किया है। आप कोई गलत काम में शामिल हो। डरा-धमका शातिर ने ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करवाकर ठग लिए। शिवदासपुरा थाने में पीड़ित असिस्टेंट प्रोफेसर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। घनश्याम ने बताया- मालवीय नगर निवासी 34 साल के युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह एक यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर है। शनिवार को उसके मोबाइल पर एक युवक का कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा- आपका पार्सल आया है। जो मुंबई एनसीबी की ओर से जब्त कर लिया गया है। आपके आधार सहित अन्य जानकारी उपलब्ध करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि आपके सभी डॉक्यूमेंट व अकाउंट की जांच की जाएगी। आप कोई अनैतिक गतिविधियों में शामिल तो नहीं हो। आपराधिक मामले का डर दिखा धमकाकर रुपए ट्रांसफर करने की कहा। बड़े अधिकारी के आकर जांच के 15 मिनट बाद दोबारा रुपए बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने की बताया। धमकाकर तीन बार में दो बैंक अकाउंट से 1.98 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। काफी समय बीतने के बाद भी रुपए दोबारा बैंक अकाउंट में रिफंड नहीं आए। असिस्टेंट प्रोफेसर के आए मोबाइल नंबर पर कॉल करने पर बंद मिला। धोखे का एहसास होने पर पीड़ित ने शिवदासपुरा थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस मोबाइल नंबर व बैंक अकाउंट नंबर के आधार पर शातिर की तलाश कर रही है।


**राजस्थान राज-पत्र दिसम्बर 1, 2022**

नाम/उपनाम / सरनेम परिवर्तन करने का बन्ध-पत्र नियम 8
राजस्थान सेवा की अनुपालना में।
(नियम, वित्त विभाग के आदेश सं.एफ.1/12/एफ.डी.ई.आर., 187,
दिनांक 10-4-57 इस बन्ध-पत्र द्वारा अनुपालना में।)

इस बन्ध पत्र मैं निम्न हस्ताक्षरकर्ता सुशीला चौधरी (नया नाम) जो अभी इससे पूर्व सुशीला फिडोदा (पुराना नाम) कहलाती थी एवं जो अध्यापिका (संबंधित राज्य कर्मचारी द्वारा उस समय धारित किये गये पद का नाम) के रूप में (स्थान जहां राज्य सरकार के विभाग में नियुक्त हो) पर नियुक्त थी एतद्वारा

1. स्वयं तथा मेरे पति एवं बच्चे तथा दूर के बच्चे जो पूर्णतया आश्रित हो मेरे पूर्व नाम सुशीला उपनाम फिडोदा (सिर्फ) को त्यागती हूँ तथा उसके स्थान पर उसी तारीख से नया नाम सुशीला तथा उपनाम चौधरी ग्रहण करती हूँ एवं इसलिए मैं, मेरे पति, बच्चे, दूर के बच्चे एतद्वारा मेरे पूर्व उपनाम फिडोदा (केवल) से न जाने जाएं तथा पहचाने जाएं बल्कि मेरे द्वारा ग्रहण किये गये उपनाम चौधरी द्वारा जाने जाएं।

2. उक्त मेरे निश्चय की साक्ष्य के प्रयोजन के लिए घोषणा करती हूँ कि में एतपश्चात् सभी समय, निजी या सार्वजनिक सभी अभिलेखों, बंध-पत्रों, प्रलेखों एवं समस्त कार्यवाहियों, व्यवहारों। एवं लेन-देनों में तथा सभी अवसरों पर अपने पूर्व नाम सुशीला उपनाम फिड़ोदा (सिर्फ) के स्थान पर एवं उसके परिवर्तन में सुशीला नाम के रूप में तथा चौधारी उपनाम के रूप में प्रयुक्त करूंगी एवं हस्ताक्षर करूंगी।

3. स्पष्टत: एतदपश्चात् तथा सभी समय, सभी व्यक्तियों को मुझे, मेरे पति मेरे बच्चे, दूर के बच्चों को तद्नुसार नये रखे नाम सुशीला उपनाम चौधरी के नाम से सम्बंधित करने के लिए प्राधिकृत करती हूँ तथा उसके लिए निवेदन करती हूँ।

इसके साक्षी में, मैंने अपने पूर्व नाम एवं नये नाम सुशीला फिड़ोदा तथा सुशीला चौधरी का वर्णन किया है तथा दिनांक 22.11.2022 को हस्ताक्षर किये है। हस्ताक्षरित निम्नलिखित की उपस्थिति मे उपर्युत्त नाम सुशीला चौधरी द्वारा जो पूर्व में सुशीला फिड़ोदा कहलाती थी हस्ताक्षर किये है।

सुशीला चौधरी
हस्ताक्षर
नया नाम सुशीला चौधरी
पुराना नाम सुशीला फिड़ोदा


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी.एल. टॉवर, 3-ए विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया जे.एल.एन. मार्ग जयपुर से मुद्रित व राजकीय अस्पताल के सामने नागौर से प्रकाशित। सम्पादक- रमेश चन्द्र जैन। फोन : 240071 फैक्स- 01582-247171 जयपुर कार्यालयः डी.एल. टावर 3-ए-विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र जेएलएन मार्ग, निदेशक : बी.एम. शर्मा, सम्पादक : महेन्द्र कुमार यादव। फोन : 2709102-3, फैक्स : 0141-2709275, अलवर कार्यालय : केडलगंज, अलवर संपादक चंद्रप्रकाश सैनी। फोन : 2335105,2701531 भरतपुर कार्यालयः कोतवाली रोड, भरतपुर- सम्पादक : जगदीश अग्रवाल, फोन : 223780 | आरएनआई नं. 48413/88